नई दिल्ली
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 362
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और गुरू महाराज के अवतरण दिवस पर बोले पीएम

## स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय

पीएम ने कहा कि आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। शुक्रवार को आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया। ▸▸ शेष पेज 5 पर

निष्काम सेवा ही दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है आनंदपुर धाम इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहा



### आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया

प्रधानमंत्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं।

निर्देश : भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

## पीएम मोदी ने वाराणसी में लैंड करते ही 'गैंगरेप केस' में कार्रवाई का ब्यौरा मांगा

एजेंसी ⏭ वाराणसी

शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर उतरते ही एक गंभीर आपराधिक घटना को लेकर जिले के आला अधिकारियों से जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने हाल ही में शहर में हुई बलात्कार की घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तार से रिपोर्ट मांगी। पीएम मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घटना में शामिल सभी दोषियों की पहचान कर ▸▸ शेष पेज 5 पर



### अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी

बीते कुछ दिनों पहले वाराणसी में एक 19 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म की एक गंभीर घटना सामने आई थी, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश था और दोषियों की गिरफ्तारी व सख्त ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ – गुजरात
दोपहर 3.30 बजे से
हैदराबाद – पंजाब
शाम 7.30 बजे से

राजधानी में आयोजित वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन के संवादात्मक सत्र में बोले विदेश मंत्री

## टैरिफ युद्ध के बीच भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए मुस्तैद रहना चाहिए: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के मध्य बढ़ते 'टैरिफ युद्ध' के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत के हितों की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि हमें अपने हितों की सुरक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। दुनिया की दो ग्लोबल अर्थव्यवस्थाओं के बीच जो कुछ भी हो रहा है। उसे पूरी तरह से व्यापारिक नहीं कहा जा सकता। अब सब कुछ व्यक्तिगत भी है।

वहीं, बीते एक साल में अमेरिकी दृष्टिकोण में आए बदलाव का प्रभाव मुख्य रूप से तकनीक के क्षेत्र में गहराई से देखने को मिल रहा है। कार्नेगी इंडिया और विदेश मंत्रालय द्वारा राजधानी में शुक्रवार को आयोजित किए गए 'वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन-25 (जीटीएस)' के संवादात्मक सत्र में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, टैरिफ के संबंध में अमेरिका-चीन की बढ़ती तनातनी दुनिया को एक बड़े संकट और आर्थिक खलबली की दिशा में धकेल रही है। सम्मेलन में लोग एक खास शब्द 'टी' यानी टेक्नोलाजी पर चर्चा करने के लिए शामिल हुए हैं। लेकिन बदले हुए वैश्विक परिदृश्य में एक और 'टी' शब्द भी जरूरी हो गया है। यहां तकनीक और टैरिफ के बीच के संबंध ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत-अमेरिका के बीच जल्द से जल्द होगा द्विपक्षीय व्यापार समझौता




### टैरिफ वसूलने पर लगी अस्थायी रोक

यहां बता दें कि जयशंकर की यह टिप्पणी खासतौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन को छोड़कर दुनिया के बाकी देशों पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ को वसूलने पर लगाई गई 90 दिनों की अस्थायी रोक की घोषणा के संदर्भ में की गई है। जिसमें वह जीटीएस में जैसे को तैसा के अंदाज वाले ट्रंप टैरिफ के प्रभावों पर अपना मत रख रहे थे।

### 'मागा-तकनीक' के बीच है संबंध

जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के एजेंडे और तकनीक के बीच का संबंध अब स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। तकनीक ने अमेरिका को महान बनाने में अहम भूमिका अदा की है। पहले यह बात इतनी मुखर नहीं थी। लेकिन आज सब कुछ साफ हो गया है। उधर, तकनीक ने न केवल अमेरिकी प्रगति में चार चांद लगाए हैं। बल्कि इसने दुनिया की प्रगति में भी योगदान दिया है।

### व्यापार समझौते के लिए तत्परता से तैयार

*उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द से जल्द द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकता है। मौजूदा ट्रंप प्रशासन मामले पर तेजी से प्रतिक्रिया देने का रुख अपनाए हुए है। जबकि पूर्व में हमने अमेरिका के राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल में उनके साथ 48 महीनों तक चर्चा की। लेकिन उसका नतीजा सिफर रहा, कोई व्यापार समझौता नहीं हुआ। लेकिन आज नई दिल्ली समझौते को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने की इच्छुक है। हमारी व्यापार टीमें हकीकत में उत्साहित हैं। अतीत में हमारे बारे में शिकायत की गई थी कि हम वार्ता में धीमी गति से चल रहे हैं। लेकिन आज हालात बदल गए हैं। जयशंकर के शब्दों में भारत और नई दिल्ली बहुत अधिक तत्परता की आवश्यकता लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए तैयार है। यूरोपीय संघ (ईयू) को लेकर भी हमारी समान सोच है। अमेरिकी प्रशासन में बदलाव के एक महीने के भीतर हमारे पास एक वैचारिक समझौता था। जिसे हम एक ऐसे द्विपक्षीय व्यापार समझौते में तब्दील करना चाहते थे। जो दोनों देशों के लिए काम करे। अभी अमेरिकी पक्ष की तरफ से बातचीत में संशय की वजह से स्थिति अवरूद्ध हुई है।*

### ईयू संग 23 साल पहले कहानी कुछ और थी

विदेश मंत्री ने कहा कि ईयू के मामले में अक्सर लोग कहते हैं कि उनसे करीब ढाई दशक से अधिक तक वार्ता की गई। जो कि पूरी तरह से सही नहीं है। क्योंकि हमने बदलते के समय के दौरान बड़ी बाधाएं देखी हैं। आज के समय में हम तत्परता के साथ ईयू से व्यापार समझौता करना चाहते हैं। हमारी व्यापार टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। भारतीय वार्ताकार अपने काम में दक्षता रखते हैं, वे अपने लक्ष्यों को लेकर बेहद महत्वाकांक्षी हैं। हमने अपनी तत्परता को अमेरिका, ईयू और ब्रिटेन से साझा किया है। वहीं, केवल यूरोप का जिक्र किया जाए तो वह बीते पांच साल पहले अच्छी भू-राजनीतिक स्थिति में था। अमेरिका, रूस और चीन के त्रिकोण के बीच यूरोप से उनके संतुलित संबंध थे। लेकिन आज ऐसा नहीं है। तीनों पक्ष तनाव में हैं। लेकिन चीन लगातार प्रगति कर रहा है। हालांकि ये एकदम से नहीं धीमे-धीमे हुआ है।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की गठबंधन की घोषणा




## तमिलनाडु में बीजेपी और एआइएडीएमके के बीच फिर दोस्ती, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

पलानीस्वामी के नेतृत्व में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव लड़ेगा एनडीए गठबंधन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीजेपी और एआइएडीएमके तमिलनाडु में एक बार फिर से साथ आ गये है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चेन्नई में अन्नाद्रमुक के एडप्पादी पलानीस्वामी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की घोषणा की। अमित शाह ने कहा कि एआइएडीएमके और बीजेपी नेताओं ने फैसला किया है कि एआइएडीएमके, भाजपा और ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *एआईएडीएमके 1998 से एनडीए का हिस्सा*

*शाह ने कहा कि ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआइएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। शाह ने यह भी बताया कि एआईएडीएमके 1998 से एनडीए का हिस्सा है और प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता ने पहले भी साथ मिलकर काम किया है। अमित शाह ने कहा कि एआइएडीएमके की कोई शर्त और मांग नहीं है। एआईएडीएमके के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। यह गठबंधन एनडीए और एआईएडीएमके दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है।*

### खबर संक्षेप


#### पद्म पुरस्कार-2026, 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें 15 मार्च 2025 से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। ये 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए दिए जाते हैं।



#### किश्तवाड़ में बर्फबारी के बीच 1 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराने में सफलता हासिल की है। 16 कोर भारतीय सेना के मुताबिक 9 अप्रैल को सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ छत्रू जंगल किश्तवाड़ में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को घेर लिया, फिर दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है।



भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के भीतर चिंता

## मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर फिर हमला

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर एक बार फिर हमला हुआ है। यह 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित है। यहां भारतीय राजनयिक परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर हमलावरों ने रंग पोत दिए हैं। हमले की यह घटना 10 अप्रैल की रात लगभग 1:00 बजे हुई। विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि हमले की रिपोर्ट के बाद 10 अप्रैल की सुबह अधिकारी मौके पर पहुंचे। विक्टोरिया पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों का मानना है कि इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार पर बुधवार 9 और गुरुवार 10 अप्रैल के बीच रात को रंग पोते गए थे। नुकसान की जांच अभी ▸▸ शेष पेज 5 पर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

## डीआरडीओ ने सुखोई से किया गौरव बम का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अपने अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से कुल करीब 1 हजार किलोग्राम वजनी लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) यानी 'गौरव' का सफल परीक्षण किया है। जिसमें हथियार को द्वीप पर जमीनी लक्ष्य और तमाम आयुध सामग्री के साथ कई स्टेशनों से एकीकृत किया गया। यह लगभग 1 हजार किलोमीटर के दायरे में लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने में सफल रहा। यह परीक्षण 8 से 10 अप्रैल के बीच किए गए थे। इसके साथ ही गौरव बम को वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल ▸▸ शेष पेज 5 पर



प. बंगाल सरकार को योगी मॉडल आया पसंद

## डीजीपी बहाली के लिए केंद्र के दखल को किया खत्म

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल पुलिस पर पूरी तरह से तृणमूल कांग्रेस सरकार के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगता रहा है। डीजीपी राजीव कुमार से केंद्र की टकराहट के बाद से ही सूबे की मुख्यमंत्री इस ताक में थीं कि राज्य में डीजीपी बहाली को लेकर केंद्र का दखल शून्य कर दिया जाए।

केंद्र कोई सवाल न उठा पाए। राज्य सरकार के निर्णय पर कोई सियासी रंग न चढा पाए इसके लिए बहुत सोच समझ कर कई बैठकों के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए गए मॉडल को अख्तियार करने का फैसला किया है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश मॉडल में 2024 में लागू की गई पुलिस महानिदेशक, ▸▸ शेष पेज 5 पर

नागेंद्रन 2017 में एआईएडीएमके छोड़ बीजेपी में हुए थे शामिल

## नागेंद्रन बने तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष, अन्नामलाई ने रखा प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नैनार नागेंद्रन तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष बनाये गये हैं। वह पहले एआईएडीएमके में थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस पद के लिए उन्होंने अकेले ही नामांकन भरा था। बीजेपी और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन के ऐलान के साथ ही अब बीजेपी ने अध्यक्ष की कुर्सी भी नए चेहरे को सौंप दी है। नागेंद्रन 2017 में बीजेपी में शामिल हुए थे। तमिलनाडु बीजेपी के निवर्तमान अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने नागेंद्रन के नाम का प्रस्ताव दिया था। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कमलालयम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमें नैनार नागेंद्रन के नाम का प्रस्ताव मिला है। यह प्रस्ताव के अन्नामलाई, एल मुरुगन, राधाकृष्णन, एच राजा, वनथी श्रीनिवासन, वीपी दुरईसामी, कनागासबपति, वी बालागणपति, केपी रामलिंगम और नारायणन तिरुपति ने दिया है। इसका मतलब है कि इन सभी नेताओं ने नागेंद्रन को अध्यक्ष बनाने का समर्थन किया है। नैनार नागेंद्रन का राजनीतिक जीवन काफी लंबा रहा है। उन्होंने 2001 में पहली बार तिरुनेलवेली सीट से एआइएडीएमके उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता था। जयललिता के नेतृत्व वाली एआईएडीएमके सरकार (2001-06) में उन्होंने परिवहन, उद्योग और बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाले। 2011 में वे फिर से उसी सीट से जीते, लेकिन उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। 2006 और 2016 के विधानसभा चुनावों में वे कुछ वोटों से हार गए थे। 2016 में जयललिता के निधन ▸▸ शेष पेज 5 पर



दलित बहुजन वोटरों के लिए नैरेटिव सेट करने की जुगत

## फुले पर बनी फिल्म पर चली सेंसर की कैंची, घेरा केंद्र को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ज्योतिराव फुले की जयंती (11 अप्रैल 2025) के अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता फुले को याद करने के बहाने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए एक्स पर लिखा, 'भाजपा और संघ के नेता एक तरफ फुले जी को दिखावटी नमन करते हैं तो दूसरी तरफ उन पर बनी फिल्म को सेंसर करते हैं। महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जातिवाद के खिलाफ लडाई में पूरा जीवन समर्पित कर दिया, मगर केंद्र सरकार उस संघर्ष और उसके ऐतिहासिक तथ्यों को पर्दे पर नहीं आने देना चाहती। भाजपा-संघ हर कदम पर दलित बहुजनन इतिहास को मिटाना चाहती है ताकि जातीय भेदभाव और अन्याय की लड़ाई सामने न आ सके।' राहुल गांधी के ▸▸ शेष पेज 5 पर



मांडले में फील्ड अस्पताल में बल के चिकित्सा कर्मी युद्ध स्तर पर प्रभावितों के उपचार में जुटे

बीते मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में आया था भूकंप

## म्यांमार में राहत-बचाव अभियान में उतरे सेना के 'रोबोटिक खच्चर', 'नेनो ड्रोन'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में भारत के निकटतम पड़ोसी देश म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच तेजी से मदद पहुंचा रही भारतीय सेना ने अब अपने राहत और बचाव अभियान में हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पहली बार 'रोबोटिक खच्चर' और 'नेनो ड्रोन' का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने इस संबंध में कुछ वीडियो और तस्वीरें भी साझा की हैं। जिसमें बताया कि रोबोटिक खच्चर और नेनो ड्रोन दोनों को मांडले के आपदा प्रभावित इलाके में तैनात किया गया है। 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत सेना के ▸▸ शेष पेज 5 पर



### जीपीएस से कटे इलाकों में चलता अभियान

तकनीक से जुड़े इन दोनों आविष्कारों की मदद से सेना मांडले के बुरी तरह से भूकंप प्रभावित हुए इलाकों में भी सफलता के साथ राहत-बचाव अभियान चला पा रही है। भूकंप से टूटी हुई किसी इमारत में राहत-बचाव अभियान चलाने के लिए तैनात किए गए रोबोटिक खच्चर के ऊपर एक कैमरा लगा हुआ है। जो चारों दिशाओं में 360 डिग्री की कवरेज के साथ तस्वीरें भेजता है। ये बिल्डिंग में कुछ सीढ़ियां चढ़ सकता है, ढलान और स्लोप पर चलने के अलावा मलबे के ऊपर चलने में भी पूरी तरह से सक्षम है। इसके जरिए संचार करना भी संभव है यानी किसी के मलबे के नीचे दबे होने पर अगर कोई आवाज लगाता है। तो रोबोटिक खच्चर उस ध्वनि को अपने बजर के जरिए ऑपरेटर तक पहुंचा सकता है। साथ ही नेनो ड्रोन जीपीएस से संपर्क कटे हुए इलाकों में राहत अभियान चला रहा है। इन दोनों का संचालन प्रभावित इमारत या इलाके के बाहर खड़ी गाड़ी में बैठे ऑपरेटर के पास रहता है। वह न केवल इन्हें नियंत्रित करता है। बल्कि इनके द्वारा भेजी जा रही पल-पल की जानकारी का उपयोग अभियान को आगे बढ़ाने के लिए करता है।

### 2,221 मरीजों का हुआ इलाज

मांडले में स्थापित किए गए सेना के 118 बेड के फील्ड अस्पताल से आपदा प्रभावितों को तत्काल उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है। अस्पताल में 11 अप्रैल तक 2 हजार 221 लोगों का इलाज किया जा चुका है। इस वक्त वहां भर्ती मरीजों की संख्या 24 है। जबकि 9 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। प्रयोगशाला जांच का आंकड़ा 6 हजार 239 तक पहुंच गया है। 885 एक्स-रे किए जा चुके हैं और बड़ी सर्जरी का आंकड़ा 49 और छोटी सर्जरी का आंकड़ा 272 है।

### हमलावरों ने कार में दिया वारदात को अंजाम

# पश्चिम विहार: प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पुलिस को शक है कि किसी पुरानी रंजिश के कारण की गई है हत्या

बाहरी जिले के पश्चिम विहार पूर्व क्षेत्र में शुक्रवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने 50 वर्षीय एक 'प्रॉपर्टी डीलर' की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब वह अपनी एसयूवी गाड़ी चला रहा था। हमलावरों ने कथित तौर पर उसे घेर लिया और गोलियां चलाईं। सोशल मीडिया पर भी वारदात का वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें डीलर चालक सीट पर खून से लथपथ हालत में पड़ा दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब सात बजकर 15 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में सूचना मिली कि एसबीआई कॉलोनी के पास गोलीबारी हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया गया है। पुलिस का दावा है कि हम आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी की जांच कर रहे हैं। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। इसके लिए ऑपरेशन सेल व लोकल थाने की आधा दर्जन टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस को शक है कि हत्या किसी पुरानी रंजिश के कारण की गई है। बहरहाल सभी एंगल से मामले की तहकीकात की जा रही है। मृतक के फोन को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। उनके कॉल डिटेल्स रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। वहीं हमलावरों के रूट का पता लगाने के लिये सीसीटीवी जांच अहम है।

## अतीत में हुई अप्रिय घटना के कारण जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती शोभायात्रा नहीं रोकी जा सकती : अदालत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अतीत में घटित अप्रिय घटनाओं के कारण धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इसने दिल्ली पुलिस से जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती शोभायात्रा की अनुमति देने पर निर्णय लेने को कहा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता 12 अप्रैल को शोभायात्रा निकालने की पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने कहा कि प्रतिवादियों को उक्त आवेदन पर विचार करने और उचित एवं समय पर निर्णय लेने का निर्देश दिया जाता है। अधिकारी यह ध्यान रखें कि वर्ष 2022 में किसी अप्रिय घटना के घटित होने से, पिछले वर्षों में प्रचलित प्रथा के अनुसार, धार्मिक अवसरों पर शोभायात्रा निकालने पर रोक नहीं लगाई जा सकती। दिल्ली के जहांगीरपुरी में 16 अप्रैल, 2022 को हनुमान जयंती शोभायात्रा के दौरान दो समूहों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं, जिसमें आठ पुलिसकर्मी और एक आम नागरिक घायल हो गया था। पुलिस ने कहा कि घटना के बाद क्षेत्र में 'अस्थिर और अनिश्चित स्थिति' को देखते हुए शोभायात्रा की अनुमति नहीं दी गई। अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे नए मार्ग पर 'सीमित शोभायात्रा' निकालने की मांग वाली याचिका पर समय पर विचार करें। इसने कहा कि प्रतिवादी/पुलिस अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे उक्त उद्देश्य के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करें। मामले की दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उचित पड़ताल की जाए और शोभायात्रा के प्रस्तावित आयोजन की तिथि से पहले उचित निर्णय लिया जाए तथा याचिकाकर्ता को इसकी जानकारी दी जाए। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह 2010 से हनुमान जयंती शोभायात्रा का आयोजन कर रहे हैं, लेकिन 2019 से अधिकारी मंजूरी देने से इनकार करते रहे हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह 12 अप्रैल को शोभायात्रा निकालने के लिए प्राधिकारियों के समक्ष एक नया आवेदन प्रस्तुत करें, जिसमें शोभायात्रा का मार्ग और अवधि स्पष्ट रूप से बताई जाए।

## अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी पकड़े




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में अवैध रूप से घुसे बांग्लादेश के सात नागरिकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी लोग 'डंकी' मार्ग से यूरोप पहुंचने के लिए भारत को पारगमन मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने की फिराक में थे। एक दिन पहले भी चार बांग्लादेशी नागरिकों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा था।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये बांग्लादेशी नागरिकों के नाम सोहाग (40), मोहम्मद शाएद उल्ला कव्हर भुइयां (46), मोहम्मद साजिब हसन (28), लिटन मोलिक (37), मोहम्मद मिजानपुर रहमान (33), मोहम्मद जकारिया (37) और विश्वजीत चंद्र बर्मन (42) है। सभी बांग्लादेश के निवासी हैं। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा के मुताबिक बांग्लादेश में दूतावासों की कमी के कारण यूरोपीय देशों के लिए वीजा हासिल करने में कठिनाइयों का हवाला देते हुए कई बांग्लादेशी नागरिक भारत में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि वहां से बेहतर आजीविका के अवसरों और आर्थिक स्थिरता की तलाश में अनियमित प्रवास मार्गों के माध्यम से यूरोपीय देशों तक पहुंचने का प्रयास करने वाले लोगों की संख्या हर साल बढ़ रही है। पुलिस ने पीरागढ़ी कैंप क्षेत्र में मुख्य रोहतक रोड पर काली माता मंदिर के पास चैकिंग अभियान चलाया जहां आरोपी कथित तौर पर अनधिकृत तरीके से रहने का प्रयास कर रहे थे। पूछताछ के दौरान सभी लोग वैध दस्तावेज दिखाने में विफल रहे और सत्यापन पर पता चला कि उनके परमिट की अवधि समाप्त हो चुकी थी। एफआरआरओ उनके निर्वासन की कार्यवाही आगे बढ़ा रही है।



## रोहिणी डिपो में खड़ी डीटीसी बस में लगी आग

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 37 स्थित डिपो में खड़ी डीटीसी बस में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग बस की छत पर बैटरी केबिन में लगी थी। आग को बैटरी केबिन में ही नियंत्रित कर लिया गया। इस वजह से आग पूरी बस को अपनी जद में नहीं ले पाई। दमकल विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि एहतियाती तौर पर डिपो से अन्य बसों को हटा लिया गया था। दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए चार गाड़ियों को मौके पर भेजा था। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना के किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

## कैग रिपोर्टों पर दिल्ली विधानसभा में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधान सभा सचिवालय में भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र दराल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) तथा दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे उपस्थित रहीं। गुप्ता ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही गुप्ता ने 30 अप्रैल तक बाकी सभी कैग रिपोर्टों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान महालेखा परीक्षक (ऑडिट), दिल्ली द्वारा नवीनतम ऑडिट रिपोर्टों की प्रमुख टिप्पणियों एवं निष्कर्षों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके बाद ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम के क्रियान्वयन की स्थिति तथा दिल्ली विधान सभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्रस्तुत रिपोर्टों से संबंधित "एक्शन टेकन नोट्स" पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्व को रेखांकित किया तथा शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## टी-20 मैच वाले दिनों के लिए डीएमआरसी ने अंतिम मेट्रो परिचालन का बदला समय

नई दिल्ली। दिल्ली में होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच को लेकर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अंतिम ट्रेन के समय में परिवर्तन करने की घोषणा की है। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी-20 क्रिकेट मैच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएगें। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रबंधन ने फैसला लिया है कि मैच वाली रात को अंतिम ट्रेन का समय बढ़ाया जाएगा। यह मैच आगामी 13, 16, 27, 29 अप्रैल तथा 11 मई 2025 को अरुण जेटली स्टेडियम, फिरोजशाह कोटला मैदान में होगें। ऐसे में मैचों के दौरान दर्शकों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो ने सभी लाइनों (एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित) पर अपनी अंतिम ट्रेन के समय में परिवर्तन किया है। अरुण जेटली स्टेडियम वायलेट लाइन यानी कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह कॉरिडोर (वायलेट लाइन) पर दिल्ली गेट, आईटीओ मेट्रो स्टेशनों से सटा हुआ है।

## रवि गंगवाल गैंग का सक्रिय बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की सदर्न रेंज ने रवि गंगवाल गिरोह का सक्रिय बदमाश नीरज कुमार शर्मा (32) को गिरफ्तार किया है। खानपुर एक्सटेंशन, दिल्ली निवासी यह बदमाश 2015 में मालवीय नगर इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में वांछित था। इस मामले में उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के नेतृत्व वाली टीम को नीरज कुमार शर्मा के ठिकाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। एएसआई विजुमोन ने सूचना को और विकसित किया। इसके बाद अंबेडकर नगर इलाके में छापेमारी की गई और आरोपी नीरज शर्मा को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नीरज राम लाल आनंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है। नीरज का चाचा राजू रमाकांत राव उर्फ राजू बाबा एक शातिर गैंगस्टर था। वह भी रवि गंगवाल गिरोह का सदस्य था। राजू बाबा को अगस्त 2015 में अवैध ड्रग्स, शराब और सट्टे को लेकर विवाद के कारण प्रतिद्वंद्वी दीपक पंडित गिरोह द्वारा गैंगवार में गोली मार दी गई थी। नीरज अपने चाचा का करीबी था और उसकी हत्या के बाद बदला लेने के इरादे से रवि गंगवाल के साथ मिला था। नवंबर 2015 में नीरज अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर मालवीय नगर इलाके के हौज रानी में एक बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन साइट पर प्रतिद्वंद्वी गिरोह के बदमाशों पर हमला किया था। इस वारदात में इकबाल उर्फ भल्ला नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भल्ला ने नीरज के चाचा राजू बाबा के अवैध कारोबार को अपने कब्जे में लिया था। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हुआ था।

## कांग्रेस महाधिवेशन में जिन बिंदुओं पर सहमति हुई है दिल्ली कांग्रेस पालन करने को कटिबद्ध: देवेंद्र

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस महाधिवेशन न्यायपथ में देश के करोड़ों बहुजनों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए 3 ऐतिहासिक संकल्प सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद के महाधिवेशन में जिन-जिन बिंदुओं पर सहमति हुई है उस पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उसका पालन करने के लिए कटिबद्ध है। यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाने की जो बात कही है उससे कांग्रेस पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं में नया जोश पैदा होगा और संगठन खड़ा करने में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐंगे। उन्होंने कहा कि न्याय पथ को लेकर वंचितों, पिछड़ों तथा आदिवासियों के कल्याण हेतू लिया गया संकल्प एतिहासिक है और सामाजिक न्याय को बल देने वाला संकल्प है। इन तीनों संकल्पों को कांग्रेस पार्टी ने अपने विस्तारित अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करके बहुजन समाज को न्याय दिलाने का एतिहासिक काम किया है, इसके लिए हम अपने सभी शीर्ष नेताओं को धन्यवाद देते है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष पुत्र हरिबाबू निवासी सी-22, रामगढ़ गांव, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर सं. 412/20, **अंतर्गत धारा 457/380/411 आईपीसी, थाना महेन्द्र पार्क, उ.प. जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **412/20, अंतर्गत धारा 457/380/411 आईपीसी, थाना महेन्द्र पार्क, उ.प. जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.06.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर)
कमरा नं. 117, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/3454/NW/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरी लाल पुत्र देव राज पताः मकान नं.702–ए(13/202) गांव कडप्पा कड़ा थानाः पूर्वी कोल्लम कुथु विदु–3, जिलाः कोल्लम, केरल वर्तमान पताः सी–3/211, मद्रास कैफे के पास यमुना विहार, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 451/2017 धारा 336/427/34 भा.द.स. के तहत** थानाः गोकलपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरी लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरी लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 451/2017 धारा 336/427/34 भा.द.स. के तहत थाना गोकलपुरी, दिल्ली के उक्त हरी लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**कनिका अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.22, प्रथम तल, नार्थ ईस्ट जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/4346/NE/2025

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर ग्रेन मार्केट कॉलोनी के पीछे विभिन्न गलियों का निर्माण। | 03.04.2025 14.04.2025 | 116.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015945880 Secy-ganaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/33822/1/88/7 दि. 11.04.25

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, बडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 23 अप्रैल 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007363 | जगजीत सिंह |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003092 | आजाद |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262001713 | मुकेश मुकेश |
| 383262001767 | श्रवण कुमार |
| 383262002103 | सुखविन्दर सुखविन्दर |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086062005782 | जसबीर सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सेक्टर-31 | |
| 488962000068 | हरेराम यादव |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सेक्टर-79 | |
| 732362000608 | भारती भारती |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद मैन | |
| 630362015047 | आदित्य त्रिपाठी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सेक्टर-16 | |
| 008362018582 | सैनी कपूर |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सेक्टर-7, बल्लभगढ़ | |
| 107962003131 | गौरव सैनी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – मालीबू टाउन सेक्टर-50 | |
| 244762001997 | मयंक |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – न्यू रेलवे रोड | |
| 424462000987 | बिमल ठाकुर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-23ए | |
| 091062003128 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-67 | |
| 489405000141 | पारुल छाबड़ा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-86 | |
| 489562000025 | मनजीत मनजीत |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – टी प्वाइंट सेक्टर-65 | |
| 724262000357 | पवन कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002521 | दयावंती ना |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 085862002879 | अजय कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : गुड़गांव डीएलएफ | |
| 017762014436 | राजबीर माथुर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव रत्नगढ़ | |
| 106962003039 | सतबीर गौतम |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर-82 | |
| 387562000798 | दलीप कुमार गुप्ता |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर-17 | |
| 346862000829 | कनिका आहूजा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर-57 | |
| 114762001948 | वंदना आहूजा |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004847 | अमित यादव |
| शाखा का नाम : हरियाणा रेवाड़ी | |
| 062662002826 | अनुराधा गुप्ता |
| शाखा का नाम : हिसार सेक्टर-14 | |
| 337762001337 | सतबीर सतबीर |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262002150 | साहिल पुरी |
| शाखा का नाम : करनाल सेक्टर-7 | |
| 370362000771 | राजीव कुमार |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562000375 | कृष्ण कृष्ण |
| 382562001141 | रविन्दर रविन्दर |
| 382562001292 | सुमित सिवाच |
| 382562001404 | दीपक कुमार |
| 382562001405 | राकेश कुमार |
| 382562001528 | संतरा संतरा |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002516 | परमबीर सिंह |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862006403 | कुलदीप कुलदीप |
| 197862006945 | मुकेश कुमार |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661862601488 | नवीन यादव |
| शाखा का नाम : मनेठी | |
| 480062000045 | ओमवती देवी |
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | |
| 093162004627 | रेखा देवी |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003686 | श्री रंजीत |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381862001273 | रोशन लाल |
| शाखा का नाम : पंचकुला सेक्टर-25 | |
| 373762000409 | सोनू |
| 373762000571 | सीमा सीमा |
| शाखा का नाम : पुण्डरी | |
| 376062001392 | सुरेन्दर कुमार |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | |
| 662062600812 | मनीष मनीष |
| शाखा का नाम : रोहतक | |
| 016862006451 | विकास कुमार |
| शाखा का नाम : रोहतक इंडस्ट्रीयल एरिया | |
| 342262000745 | निशा निशा |
| 342262000836 | निशा निशा |
| शाखा का नाम : समालखा | |
| 204862001956 | जोगेन्दर जोगेन्दर |
| 204862002332 | देवेन्द्र कुमार |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262001628 | मनजीत मनजीत |
| 073262003162 | विरेन्द्र कुमार |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004157 | फतेह सिंह |
| शाखा का नाम : सोनीपत – एलडिको | |
| 546162000002 | भव्या चुघ |
| शाखा का नाम : यमुनानगर – बाईपास चौक | |
| 254362000910 | राजेश कुमार |
| शाखा का नाम : भिवाड़ी | |
| 050962003581 | हरकेश सिंह |
| शाखा का नाम : भिवाड़ी– तापू कारा | |
| 174462000805 | गुलाब सिंह |
| शाखा का नाम : गोआ – पिलरने | |
| 136362000725 | विकास विकास |
| शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा – ओमेगा-1 | |
| 218362003790 | शैलेन्द्र राठौर |
| शाखा का नाम : झुमरी तैलइया | |
| 100662002740 | राकेश कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्री एस्टेट | |
| 135762003728 | सुमित कुमार |

दिनांक : 12.04.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फतेहाबाद, कैथल, अम्बाला, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, झज्जर, पलवल, महेन्द्रगढ़, पानीपत, यमुनानगर, रेवाड़ी, मेवाड़

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## महापौर, उप-महापौर का चुनाव 25 को

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप-महापौर का चुनाव आगामी 25 अप्रैल 2025 को निगम की सदन बैठक में होगा। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए निगम सचिव द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार, 21 अप्रैल 2025 को शाम पांच बजे तक होगी। नामांकन पत्र निगम सचिव के कार्यालय में उपलब्ध हैं और किसी भी कार्य दिवस को सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे के बीच प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने निगम पर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को बयान जारी किया है कि बाबा साहब की जयंती समारोह के निमंत्रण पत्र पर कांग्रेस दल की नेता का नाम नहीं है। जबकि महापौर, उपमहापौर, नेता सदन और नेता विपक्ष का नाम अंकित है। कांग्रेस दल के लिए कोई मान-सम्मान नहीं रखा गया है।

## आंधी से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति हुई बाधित

नई दिल्ली। तेज आंधी व बारिश के चलते उत्तरी दिल्ली के नरेला, बवाना, बादली और मंगोलपुरी के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति सेवा बाधित हुई। टाटा पावर-डीडीएल के प्रवक्ता के अनुसार बारिश व तेज आंधी के चलते हाई टेंशन (एचटी) और लो टेंशन (एलटी) बिजली नेटवर्क में भी कुछ व्यवधान उत्पन्न हुए। शाम को धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के कारण उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। मुख्य रूप से पेड़ों की टहनियां और अन्य वस्तुएं बिजली की लाइनों पर गिरने के कारण समस्या का सामना करना पड़ा।

### नोज पिन से सुलझा केस

# महिला की हत्या में पति और नौकर सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



छावला इलाके में नाले से बिस्तर में लिपटी मिली महिला की लाश के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में मृतक के पति और नौकर को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के समय मृतका द्वारा पहनी गई नाक की पिन मामले को सुलझाने में सहायक सिद्ध हुई।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 15 मार्च को लगभग 4 बजे, छावला इलाके के नाले में एक महिला के शव के बारे में सूचना मिली थी। शव कपड़े में लिपटा हुआ था और पत्थर से बंधा हुआ था। कई पुलिस टीमें हरकत में आई और घटनास्थल पर निर्मल धाम के पास नजफगढ़ नाले पर पहुंची। छावला थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मृतक की पहचान करने और अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। जांच के दौरान मृतका द्वारा पहनी गई नाक की पिन मामले को सुलझाने में सहायक रही क्योंकि इसका हॉलमार्क बड़ा पाया गया। इसके निर्माता से संपर्क किया गया। इस पहलू पर भी विस्तार से जांच की गई और इससे शव की पहचान सीमा (47) पत्नी अनिल कुमार, निवासी सेक्टर 10, द्वारका के रूप में हुई। तफ्तीश के दौरान नौकर के रूप में काम करने वाले शिव शंकर को गिरफ्तार किया गया। उसने खुलासा किया कि अनिल कुमार जो प्रॉपर्टी डीलर/बिल्डर का काम करता है के साथ मिलकर 11 मार्च को सीमा की घर पर ही हत्या की थी।

महिला का पति अनिल हत्या के बाद से फरार था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। मृतका के दो बच्चे हैं। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक और आर्थिक कलह हत्या का कारण बना।

## विधानसभा परिसर में अंबेडकर जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

नई दिल्ली। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं




जयंती के उपलक्ष पर शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में दिव्यांग चित्रकला समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि और रविंदर सिंह इंद्राज (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति थे। यहां चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने बाबा साहब के चित्र उकेरे। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को ज्ञान का अमृत दिया, खुद अपमान का जहर पी गए। गुप्ता ने विधानसभा परिसर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की। मंत्री इंद्राज ने शिक्षा जगत में क्रांति लाने वाले महात्मा फुले और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पूरे सप्ताह को सेवा के रूप में मनाने की बात कही।

### मेटकॉफ हाउस टी-जंक्शन पर 183 करोड़ रुपये की परियोजना को दी मंजूरी

# ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करेगी छह लेन फ्लाईओवर की परियोजना: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर और डीआरडीओ के पास, मेटकॉफ़ हाउस टी-जंक्शन पर 183 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन फ्लाईओवर के निर्माण की यह परियोजना यहां लंबे समय से जारी ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करेगी। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस परियोजना के महत्व पर शुक्रवार को प्रकाश डालते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आउटर रिंग रोड कॉरिडोर पर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह परियोजना शुरू की गई है। यह फ्लाईओवर राष्ट्रीय राजधानी में एक आधुनिक, कुशल और यात्री-अनुकूल सड़क नेटवर्क के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मंत्री प्रवेश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे' और 'जन-जीवन को सरल बनाने' के विजन के अनुरूप यह परियोजना उत्तर दिल्ली के सबसे व्यस्त जंक्शनों में से एक को डीकंजेस्ट करेगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि यात्रा का समय कम करना, प्रमुख सड़कों पर दबाव घटाना और पूरे दिल्ली में यातायात की गतिशीलता को बेहतर बनाना। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए 25 मार्च 2025 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्च-स्तरीय बैठक में इस समस्या के समाधान हेतु तत्काल कार्यवाही पर सहमति बनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए इस छह लेन फ्लाईओवर के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दी है।

यह फ्लाईओवर सिविल लाइंस और आसपास के इलाकों के निवासियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा, साथ ही हिमाचल प्रदेश, पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों की ओर जाने वाले इंटर-स्टेट ट्रैफिक को भी सुचारु बनाएगा। परियोजना के पूर्ण होने पर यह हजारों दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी और सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रवाह में सुधार करेगी।

#### सलीमगढ़ किला से सिग्नेचर ब्रिज तक लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या

मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि आउटर रिंग रोड पर सलीमगढ़ किला से सिग्नेचर ब्रिज तक लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या देखी जा रही है। स्थानीय निवासियों, मार्केट एसोसिएशनों और अन्य हितधारकों ने यह मुद्दा बार-बार उठाया है। पीडब्ल्यूडी और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने यहां के कई संयुक्त निरीक्षण किए हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री के निर्देश पर इस मामले को प्राथमिकता दी गई।

#### जनता को समय-समय पर दी जाएगी जानकारी

पीडब्ल्यूडी इस परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखता है, साथ ही निर्माण कार्य के दौरान आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से वैकल्पिक यातायात मार्ग और जनता को समय-समय पर सूचना देने की व्यवस्था की जा रही है।

## अब आपके कंधों पर पूरे समाज और राष्ट की जिम्मेदारी : सक्सेना

नई दिल्ली। अब आपके कंधों पर पूरे समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारी है। आपको संवेदनशील रहना होगा। जो



शिक्षा किसी के जीवन में ख़ुशी ना ला सके वो किसी काम की नहीं। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं आईपी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को ये बातें आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय भाषण में कहीं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा हमारी प्राथमिकता में है। इसके मद्देनजर नरेला में प्रस्तावित एजुकेशनल हब के लिए इस साल के बजट में 500 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। डिग्री लेने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों की पढ़ाई किताबों से संभव नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि एक मनुष्य पूरी दुनिया में परिवर्तन ला सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सुरक्षित हाथों में है। आईपीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर यूजी से पीएचडी तक के कुल 24,456 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। 110 छात्रों को पीएचडी, 12 को एमफ़िल, 2,624 को मास्टर्स, 20,739 को बैचलर्स, 483 को एमबीबीएस, 488 को एमडी, एमएस एवं आयुर्वेद वाचस्पति की डिग्री दी गई। इनमें से 74 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।
इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी प्राथमिकता दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की है। छात्रों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रति वे अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपसी भागीदारी से ही विकसित दिल्ली या विकसित भारत का लक्ष्य पाया जा सकता है। वहीं, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस अवसर पर कहा कि डिग्री सही मायने में विद्यार्थियों के संघर्ष की गाथा है और उनके जीवन की असली परीक्षा अब शुरू होगी।

# सीएम ने की उच्चस्तीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा और आशीष सूद भी मौजूद रहें। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के ट्रैफिक सिस्टम, सार्वजनिक स्थानों पर लाइट्स की व्यवस्था और 'डार्क स्पॉट्स', बेघर एवं बेसहारा लोगों के लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था जैसे बड़े मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान दिल्ली पुलिस, शहरी विकास विभाग, परिवहन विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग, पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास विभाग, डूसिब सहित तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि राजधानी के 4000 चिन्हित डार्क स्पॉट्स को रोशन करने की योजना पर तेजी से काम किया जाएगा।

# दिल्ली की जनता पर थोपा एक और टैक्स का बोझ : सौरभ

### *मनमाने तरीके से दिल्ली की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रहे हैं आयुक्त : महेश कुमार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भाजपा के चहेते निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने दिल्ली की जनता पर एक और टैक्स का बोझ थोप दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बाते कही। उन्होंने बताया कि महापौर महेश कुमार खींची से परामर्श किए बिना आयुक्त अश्विनी कुमार ने दिल्ली की जनता पर यूजर चार्ज टैक्स लगा दिया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आयुक्त ने कमर्शियल लाइसेंस की फीस बढ़ाकर दिल्ली की जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। इस दौरान महापौर महेश कुमार खींची ने कहा कि निगम आयुक्त मनमाने तरीके से दिल्ली की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रहे हैं। इसे लेकर हमने दिल्ली के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर गृहमंत्री से अनुरोध किया है कि तुरंत प्रभाव से निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को उनके पद से हटाया जाए। प्रेसवार्ता में आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निगम आयुक्त अश्वनी कुमार पूरी तरह से भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। महापौर से परामर्श किए बिना यूजर चार्ज लगाया और कमर्शियल लाइसेंस की फीस बढ़ाई है। भारद्वाज ने कहा कि सदन के बजट में 100 गज तक के प्लाट पर संपत्ति कर माफ और 500 गज तक हाफ करने का प्रस्ताव पास किया गया था और निगम आयुक्त ने आज तक सदन में पास हुए प्रस्ताव को लागू नहीं किया है।

#### पिछले ढाई साल तक कहां थे आप नेता : राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) अब निगम सदन में अल्पमत में आ गई है तो उन्हें दिल्लीवासियों की याद आ रही है और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर मनमानी के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की आप नेताओं व महापौर को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आप के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जब ढाई साल तक आप पार्टी के रहनुमाओं ने दिल्ली के विकास की गाड़ी को रोक कर रखा उस समय वो कहां थे। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि अब जब आप की दिल्ली नगर निगम से विदाई तय है तो उनके नेता दिल्ली की जनता को फिर से झूठे वादे एवं सब्ज़ बाग दिखा रहे हैं।




खबर संक्षेप

## स्कूलों की मनमर्जी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि व मनमर्जी के खिलाफ जिला में महानगर



कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रदेश सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना तथा महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया।

## ठगी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क देकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी को



राजस्थान से गिरफ्तार किया है। ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति ने थाना साइबर सेंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर कॉल आया और पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया और ठगों द्वारा उसे टेलिग्राम टास्क पूरा करके पैसे दोगुने करने का लालच दिया। जिसके बाद ठगों द्वारा शिकायतकर्ता को टास्क दिए गए जिसके लिए उसने 5,29,800 रुपए विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से ठगों के खाता में भेजे।

## शराब तस्करी के मामले में दो लोगों को दबोचा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार शराब तस्करों पर



कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के 2 अलग-अलग मामलों मे थाना सेक्टर-31 व पुलिस थाना सैंट्रल की टीम ने क्रमशः आरोपी पवन व रवि को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन चैकिंग के दौरान 54 पव्वे देशी शराब के सात 24 बोतल बियर के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# कैबिनेट मंत्री गोयल ने सक्रिय सदस्यों को किया जनसेवा के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गुरुवार को फरीदाबाद विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। किसान भवन में आयोजित इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्हें देश-प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि विकसित भारत, विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने में भाजपा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, मंडल अध्यक्षगण और सभी पार्षदगण की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाया।

### फरीदाबाद में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का भव्य आयोजन

भाजपा के एक सक्रिय सदस्य के रूप में सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को बधाई देते हुए विपुल गोयल ने कहा कि आप विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के सक्रिय सदस्य हैं, यह स्वयं में गौरव की बात है। सक्रिय सदस्य होने का तात्पर्य है कि आप पार्टी के किसी भी दायित्व के योग्य हैं, क्योंकि भाजपा में योग्यता ही सर्वोच्च मानदंड है। विपुल गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे बैंक खाता हो, डिजिटलीकरण हो, महिला सुरक्षा, नई शिक्षा नीति, रक्षा क्षेत्र का सशक्तिकरण या राष्ट्रीय सुरक्षा सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं और देश आज उन सपनों को जी रहा है जो कभी असंभव प्रतीत होते थे।




### विपक्ष के कई नेता भाजपा की नीतियों के मुरीद हुए

सक्रिय सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की ईमानदार सरकार से विपक्ष की स्थिति कमजोर हो गई है। विपक्ष के कई नेता भाजपा की नीतियों के मुरीद हो गए हैं जबकि अन्य खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। आपकी मेहनत का ही परिणाम है कि हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों में प्रवीण जोशी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की और फरीदाबाद की मेयर बनीं, जिससे जनता का भाजपा पर विश्वास और मजबूत हुआ है। भविष्य की दिशा तय करते विपुल गोयल ने कहा कि अब भाजपा का मुकाबला किसी विपक्षी पार्टी से नहीं बल्कि स्वयं से है, कैसे हम अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ते हुए और बेहतर करें तथा जनसेवा के पथ पर अड़िग रहें।

नायब सैनी ने खेल परिसर फरीदाबाद से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गुरुग्राम के लिए किया रवाना

# प्रत्येक घर-परिवार को नशे से बचाकर हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प

सरकार के साथ-साथ युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संस्थाओं को साथ मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी, वही साइक्लोथॉन 2.0 नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में और युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने में अहम भूमिका निभाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत बनाने के विजन को साकार करने के लिए नशा मुक्त हरियाणा बनाना हमारा संकल्प है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संस्थाओं को साथ मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। इसी उद्देश्य के साथ शुरू की गई ड्रग-फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा प्रत्येक घर-परिवार को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदाबाद में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर हाथ हिलाकर साइकिलिस्ट के जोश को दोगुना कर दिया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जिस सार्थक संदेश के साथ आगे बढ़ रही है और प्रत्येक गांव व शहर में इसके प्रति युवा शक्ति में जो उत्साह है, उससे स्पष्ट है कि नशे से बचने के प्रति जागरूकता लाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**खास बातें**

- साइक्लोथॉन यात्रा के जरिए रखी जा रही मजबूत भविष्य की नींव
- युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करना होगा

### नशा पूरे परिवार को खोखला करता है

सैनी ने कहा कि जब हम विकसित हरियाणा-विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें हर उस स्थिति से लड़ना है, जो समाज को पीछे धकेलती है। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो सिर्फ व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार को खोखला करती है। यह एक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक समस्या है। नशा हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। इसी अंधकार को मिटाने के लिए सरकार ने यह जागरूकता यात्रा चलाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह यात्रा नशा मुक्त हरियाणा-हमारा सपना, हमारा संकल्प को सार्थक बनाने की दिशा में तथा प्रदेश के लोगों खासकर युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने में सफल साबित होगी।



### हरियाणा से हुई नशे के खिलाफ अभियान की शुरुआत

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा जैसे प्रगतिशील, जुझारू और धाकड़ राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए गत 5 अप्रैल को हिसार से साइक्लोथॉन यात्रा का शुभारंभ हुआ था, जो भिवानी, चरखी दादरी, नारनौल, रेवाड़ी और पलवल होते हुए शुक्रवार को फरीदाबाद पहुंची है और आज यहां से गुरुग्राम के लिए रवाना होगी। आगामी 27 अप्रैल तक यह यात्रा पूरे प्रदेश का भ्रमण करके लोगों के बीच में जन जागरण कर नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का काम करेगी। इस नशा मुक्त अभियान का संदेश फैलाने के लिए प्रदेश में लाखों लोगों ने पंजीकरण करवाया है। मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन 2.0 में शामिल साइकिलिस्ट में जोश भरते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से नशे के खिलाफ जो बीड़ा उठाया है, वह बहुत ही नेक व सराहनीय कार्य है। इस यात्रा के दौरान आप यह न सोचें कि कितनी दूर जाना बाकी है, बल्कि इस बात पर ध्यान दें कि आप कितनी दूर आ गए हैं।

### नशा मुक्त अभियान बने जन-जन की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा इस साइकिल यात्रा से जुड़ रहे हैं, वे आने वाली पीढ़ी के भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से जब एक बच्चा भी नशे से दूर होगा या एक भी परिवार टूटने से बचेगा या जब एक युवा अपने सपनों को पूरा करेगा, यह यात्रा की सफलता मानी जाएगी। यह साइकिल यात्रा हमारे संकल्प को दर्शाती है कि हमे नशे के खिलाफ लड़ना है, वह भी पूरी समझदारी, एकता व जागरुकता के साथ। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि नशे के खिलाफ एक आंदोलन है। नशा मुक्ति का अभियान बने जन-जन की पहचान, इसी संकल्प के साथ इस यात्रा की शुरुआत की गई है। हमारा यह संकल्प है कि नशे से घर परिवार बचाना है।

### नशे के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ें

मुख्यमंत्री ने मंच से सभी बुजुर्गों, महिलाओं व नौजवानों, माता-पिता, शिक्षकों, सामाजिक संस्थाओं का आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ इस लड़ाई को मिलकर लड़ें। सामाजिक बदलाव की शुरुआत घर से होती है। घर में नशे के खिलाफ खुलकर बातचीत हो। जो बच्चे नशे के आदी हो चुके हैं, उन्हें गले लगाएं धिक्कारें नहीं। अपने बच्चों से स्पष्ट संवाद करें, उन्हें समझाएं, डराएं नहीं, क्योंकि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चुनौती है और मिलकर ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है। स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हों, पंचायतें व शहरी स्थानीय निकाय भी इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने युवाओं से भी अपील की कि अपने जीवन को नशे से बचाएं और यदि कोई युवा नशे की गिरफ्त में चला गया है, तो उससे दूरी बनाने की बजाय उसका सहयोग करें उसे सही रास्ते की ओर लाने का प्रयास करें।

जीएचपीएमए ने विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया

# मानव जीवन में होम्योपैथ चिकित्सा बहुत अधिक कारगरः डॉ. त्यागी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

होम्योपैथिक प्रैक्टिशनर्स मेडिकल एसोसिएशन (जीएचपीएमए) ने विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम चौधरी भवन में किया। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज त्यागी ने कहा कि मानव जीवन में होम्योपैथ चिकित्सा बड़ी कारगर है।

उन्होंने मंच से सभी चिकित्सकों को पंजीकरण कराने की उपयोगिता समझाई और होम्योपैथी के संगठित विकास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजन के दौरान संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (2025-2027) की औपचारिक घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा महासचिव, डॉ. तमन्ना कसाना कोषाध्यक्ष डॉ. रैना सचान बनाए गए। पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता, पूर्व महासचिव डॉ. मनीष शर्मा और पूर्व कोषाध्यक्ष डॉ. दीपांकर गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा और अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया गया। मंच संचालन डॉ. अमित मित्तल एवं डॉ. तनु राघव ने किया। समारोह में गायन, नृत्य, कविता और हास्य के कार्यक्रमों ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराने वाले अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एम. आर. गोयल, डॉ. राजीव, डॉ जगदीश त्यागी, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. अनिल राघव, डॉक्टर राकेश गर्ग, डॉक्टर सुनील भटनागर, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. ऋतु सचदेवा, डॉ. प्रवीण साहनी, डॉ. संजीव गर्ग, डॉ. नीरज रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवती के दोस्त पर चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने युवती के नए दोस्त पर गोली चला दी। हमले में युवक बाल-बाल बच गया और वह अपनी कंपनी की ओर भागा। वहीं आरोपी ने उसका पीछा कर दूसरा फायर भी किया। लेकिन इस बार भी युवक बचकर कंपनी की बिल्डिंग में छिप गया। वहीं पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की सीन-ऑफ-क्राईम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल बिल्डिंग के एग्जिट गेट के बाहर से व बिल्डिंग के अंदर एसबीआई के सामने खाली जगह से दो खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने फरार हुए युवक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।दरअसल, सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि आयरिश पार्क बिल्डिंग सेक्टर-48 के निकट फायरिंग हुई है। युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-48 स्थित वेल्डन टेक पार्क के्रड रिजोल्व में पिछले तीन माह से नौकरी कर रहा है।

अदालत ने चारों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

# उगाही करने के मामले में चार पुलिस कर्मी गिरफ्तार

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-17-18 थाना के चार पुलिस कर्मियों द्वारा एक पराठा की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति से रिश्वत लेने का मामला उजागर हुआ है। इस मामले में चारों पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया तो कोर्ट ने चारों आरोपी पुलिस कर्मियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं मामले में पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने पुलिस कर्मचारियों पर पर्यवेक्षण के अभाव पर सेक्टर-17-18 थाना के एसएचओ को भी निलंबित कर दिया है।

शिकायतकर्ता गुलाब सिंह साहू ने बताया कि उसने सेक्टर-17-18 वन क्यू बिल्डिंग के गेट के सामने झोपड़ी बनाकर रहता है और वहीं पर पराठा व बीड़ी व सिगरेट की वस्तुओं की रेहड़ी लगाता है। शिकायत के अनुसार फरवरी 2025 में हवलदार राजबीर उसकी दुकान पर आया और उसे दुकान बंद कराने की धमकी देने लगा। दुकान चलाने के लिए पांच हजार रुपए हर सप्ताह लेने की बात की। इस पर वह उसे पांच हजार रुपए हर सप्ताह देने लगा। इसके बाद ईआरवी स्टाफ में शामिल सिपाही अजय व एसपीओ अनिल भी उसकी दुकान पर आकर उसे धमकाने लगे और रिश्वत की मांग की। जिस पर मजबूरन उन्हें भी वह एक हजार व पांच सौ रुपए देने लगा। जिससे उसे उसकी दुकान में घाटा होने लगा। इस पूरे मामले को उजागर करने के लिए उसने अपनी दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवा लिए। इनके अलावा एएसआई जिसे वह चार-पांच साल से जानता था। वह भी उसकी दुकान को बंद कराने के लिए धमकी देने लगा तो उसे भी 10 हजार रुपए महीने देने लगा। शिकायतकर्ता ने चारों पुलिस कर्मियों के वीडियो आदि पेन ड्राइव में डालकर एसएचओ सेक्टर-18 को दिए। जिस पर पर्याप्त सबूतों के आधार पर चारों पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपी पुलिस कर्मियों को कोर्ट में पेश किया गया।

### थाना प्रबंधक को भी किया निलंबित

वहीं पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति पर



चलते हुए सुपरविजन में लापरवाही/कमी के कारण थाना प्रबंधक को भी निलंबित किया है। पुलिस कमिश्नर ने गुरुग्राम पुलिस के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आम जनता की शिकायतों का तुरंत कानूनी रुपानी निपटारा करे। यदि कोई कर्मचारी इसमें लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रष्टाचार संलिप्तता में केस दर्ज कराएंगे

मामले में पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा का कहना है कि गुरुग्राम पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य करती है। यदि कोई पुलिस कर्मचारी/अधिकारी किसी भी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ केस दर्ज करके तत्परता से कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोई पुलिस कर्मचारी/अधिकारी पुलिस कार्रवाई अपनी ड्यूटी के निर्वहन में लापरवाही दिखाता है या बिना किसी कारण के कार्यवाही करने में देरी करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

यूपीएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

# 3 शिफ्टों में सीडीएस और 2 शिफ्टों में होगी एनडीए और एनए की परीक्षाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी द्वारा कराई जाने वाली परीक्षा हेतु आयोग द्वारा तय किए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी एवं एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद ने उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में परीक्षा की व्यवस्थित रूप से संपन्नता सुनिश्चित करने को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर और स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यूपीएससी से आए इंस्पेक्टिंग ऑफिसर हिमांशु भी मौजूद रहे। एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद ने स्पष्ट किया कि यह कार्य अत्यंत संवेदनशील है, जिसे सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्ण समर्पण और गंभीरता के साथ अंजाम देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असावधानी या चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रदीप,** पुत्र रामजी दास, निवासी- मकान नं.-101, भलस्वा गाँव, यादव बेकरी के पास, जहांगीर पुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 509/19 धारा 324 भा.द.स थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 509/19 धारा 324 भा.द.स थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अखिल मलिक**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-02
कमरा नं. 38, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/4455/SHD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू,** पुत्र मुन्ना बबल, निवासी- 794, मंगोल पुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 470/21 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 470/21 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना राज पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/4487/OD/2025

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

DDR NO. 55 DT 06.04.2025 U/S 194BNSS PS ROHRAI DISTT REWARI



नाम पता नामालुम नाश का पहचान हेतु -माता व पिता का नाम नामालुम उम्र 55 वर्ष कद 5 फुट 7 इंच

हुलिया - रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, सिर के बाल काले सफेद, दाढी काली सफेद

पहनावा - कमीज, पायजामा

एक नाम पता नामालुम व्यक्ति ROAD SIDE ACCIDENT मे दिनांक 15.03.2025 को पाल्हावास गुडियाणी रोड बाईक स्लिप होने की चपेट से घायल होने पर PGIMS रोहतक दाखिल हुआ था जो दौराने ईलाज दिनांक 06.04.2025 को मौत हो गई जिसकी अभी तक पहचान नही हो सकी है जो नाम पता नामालुम का शव मोर्चरी PGIMS रोहतक रखवाया गया किसी थाना व किसी व्यक्ति को इस नाम पता नामालुम व्यक्ति बारे पता चले तो निम्न नम्बरों पर संपर्क करे।

प्रबंधक अफसर थाना रोहडाई मो.न. 7056666131
थाना रोहडाई न. 01281-245647
कंट्रोल रुम रेवाडी 01274-225156

पीआरडीएच-1084/11/3262/2026/33808/88/7 दि. 11.04.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार में 3 अदद सड़कों (I) रावलवास निंदवान रोड से नाथुवाना रोड आरडी 0.00 से 0.700 रोड आईडी 4919 (II) नाथुवाना से मैटरशन रोड आरडी 0.00 से 2.400 तक (III) आर्य नगर से लुदास रोड आरडी 0.00 से 4.000 रोड आईडी 4912, रोड आईडी 10420 को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (एससीएसपी के तहत) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.04.2025 | 536.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवा मैकेनिकल डिवीजन रोहतक में आरडी 93500 बीएसपी परमानेंट पम्प हाउस पर एलटीडीबी ट्रांसफॉर्मर कार्यों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 107.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | महम माइनर के आरडी 5365/आर, आरडी 10600/आर, 11150/आर, आरडी 20023/एल आरडी 26600/एल टीएफ 44210/एल आरडी 52360/आर, आरडी 53745/एल पर आउटलेट की मरम्मत और आरडी 5000/आर, 6000/एल, आरडी 6000, आरडी 9582/एल, आरडी 9582/आर, आरडी 15750/एल, आरडी 16000/आर, बी.सी. पाल माइनर के आउटलेट की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 2.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | धंधलान लिंक ड्रेन के आरडी 22720 से 25220 तक स्लूइंग रीच में आरसीसी के माध्यम से निर्माण हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 21.04.2025 | 317.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | ड्रेन नं. 8 के डाइवर्जन पर आरडी 91800 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.05.2025 | 478.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव कनहेटी में सूरज कुमार के टोम्ब मोड वाला रोड से जगदेव के खेत तक, खेत रास्ते की पेवमेंट + 3 कार्य। | 09.04.2025 15.04.2025 | 33.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | जिला परिषद फतेहाबाद | सड़कों का ए/आर (ग्रुप-ए) वर्ष 2025-26 हेतु + 10 कार्य। | 08.04.2025 15.04.2025 | 77.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/33843/I/88/7 दि. 11.04.25

# पेज एक का शेष

## स्वास्थ्य, शिक्षा...

ट्रस्ट की ओर से मनोयोगपूर्वक संचालित सेवा कार्यों में अस्पताल, गो-शाला, नई पीढ़ी के निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा देने वाले स्कूल और पर्यावरण संरक्षण के प्रकल्प शामिल हैं। आश्रम के अनुयायियों ने हजारों एकड़ बंजर जमीन को हरा-भरा बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केंद्र सरकार भी सेवा की भावना को केंद्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए निःशुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान शुरू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंडलूम विलेज शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ-2028 की तैयारियां भी शुरू करवा चुके हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा व जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी मौजूद थे।

**आनंदपुर की धरती पर शोक भी आने डरता है:** मोदी ने कहा कि इस धरती पर परमार्थ और सेवा के संकल्प जारी हैं, ये धरती सामान्य नहीं है। अशोकनगर की धरती पर शोक भी आने से डरता है। गुरु महाराज के अवतरण दिवस पर यहां आने का सुअवसर मिला है। उन्होंने स्वामी अद्वैत जी महाराज एवं संस्थान की सभी पादशाही महाराज को प्रणाम करते हुए द्वितीय और तृतीय पादशाही के समाधि दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने मां विजयासन और अशोकनगर जिले के श्रद्धा स्थल करीला धाम की मां जानकी देवी को भी प्रणाम किया।

**आनंदधाम से सीखा गरीबों की सेवा ही ईश्वर सेवा: सीएम:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा करो, और उनकी आत्मा में रच-बस जाओ, यही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है। गुरुजी महाराज की सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिलती है। शांति का जो पाठ उन्होंने समाज को दिया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि गुरु जी महाराज ने इस आनंदधाम को सेवा का केंद्र बनाया है। हमारी सरकार ऐसा ही सेवा केंद्र बनाएगी।

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जारी:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है।

## पीएम मोदी ने ...

उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने दिया जा सकता। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस और प्रभावी इंतजाम किए जाएं।

## अब तक 9 आरोपियों ...

सजा की मांग उठ रही थी। इस मामले में पुलिस ने 12 नामजद सहित 11 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के इस कदम को कानून-व्यवस्था के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता के रूप में देखा जा रहा है। वाराणसी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वाराणसी विकास के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों के लिए भी एक सुरक्षित शहर बने।

## टैरिफ युद्ध के बीच...

को भी समझना जरूरी हो गया है। जीटीएस की थीम संभावना रखी गई है। जो बदलती दुनिया को अवसर की निगाहों से देखने की भारत की सोच को प्रदर्शित करती है।

**सभी देश बनाएं योजना:** जयशंकर ने कहा कि हम प्रतिस्पर्धा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए विभिन्न देशों को इसे लेकर योजना बनाने की आवश्यकता है। लेकिन अब ये जटिल होता जा रहा है। क्योंकि पहले हम योजना को बाकी क्षेत्रों जैसे राजनीति, रक्षा और संवदेनशील कहकर अलग रखते थे। अब ऐसा नहीं है, संवेदनशील के मायने विस्तृत हो गए हैं यानी अब सब कुछ शुद्ध रूप से व्यवसाय नहीं है, व्यक्तिगत भी है। अमेरिका-चीन संबंधों को लेकर हमारे अलग अनुभव हैं, जिसमें हमने वास्तव में चरम सीमाओं से साक्षात किया है। 1947 में देश की आजादी के बाद के कुछ दशकों में दोनों देशों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा थी और हम उसके बीच में फंसे थे। इसके आगे दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग और उसका अंत गलत पर होना रहा।

## तमिलनाडु में बीजेपी ...

सभी गठबंधन दल मिलकर एनडीए के रूप में तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी और एआइएडीएमके के बीच गठबंधन को लेकर चर्चा कई दिनों से जोरों पर थी। शाह ने कहा कि सीटों का बंटवारा और सरकार बनने के बाद मंत्रालयों का बंटवारा, दोनों पर बाद में फैसला किया जाएगा। तमिलनाडु में डीएमके वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सनातन धर्म और त्रिभाषा नीति जैसे मुद्दे उठा रही है।

**मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंग:** इस दौरान अमित शाह ने कहा, 'हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।' पिछले लोकसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद भाजपा तमिलनाडु में अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक है। वहीं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने का विश्वास भी जताया और कहा कि एनडीए फिर से भारी बहुमत हासिल करेगा और तमिलनाडु में सरकार बनाएगा।

## मेलबर्न में भारतीय...

भी जारी है। हालांकि, इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के भीतर चिंता को फिर से जगा दिया है, जिसने मेलबर्न में हिंदू मंदिरों पर हमले और भारतीय सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जाने वाली घटनाओं के बढ़ते पैटर्न पर निराशा व्यक्त की है।

**भारत ने उच्च स्तर पर उठाया मामला:** भारतीय प्रवासियों के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस मामले को वरिष्ठ विक्टोरियन अधिकारियों और कैनबरा में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाया गया है। पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नहीं, न ही इस बात की पुष्टि की है कि क्षेत्र से सुरक्षा फुटेज की समीक्षा की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जिन लोगों के पास ऐसी जानकारी है जो पुलिस की सहायता कर सकती है, उनसे 1800 333 000 पर क्राइम स्टॉपर्स से संपर्क करने या www.crimestoppersvic.com.au पर गोपनीय रिपोर्ट जमा करने का आग्रह किया जाता है।

**यह पहली बार हमले नहीं:** समुदाय के नेताओं का कहना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर बार-बार होने वाले हमले बेहद दुखद हैं और ऑस्ट्रेलिया के सबसे बहुसांस्कृतिक राज्य में सामाजिक सामंजस्य को कमजोर करते हैं। स्थानीय भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का कहना है कि यह सिर्फ साधारण हमले की घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे समुदाय को डराने-धमकाने का संदेश है। यह पहली बार नहीं है, जब ऑस्ट्रेलिया में भारत के महावाणिज्यिक दूतावास को निशाना बनाया गया है। पिछले कुछ वर्षों में कई बार भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावासों पर हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी आतंकवादियों का हाथ बताया जाता है। हालांकि, इस हमले को लेकर भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों द्वारा कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## डीआरडीओ ने सुखोई...

करने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण की इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई दी और कहा कि लॉंग रेंज ग्लाइड बम विकसित होने से सशस्त्र बलों की क्षमताएं और बढ़ेंगी। डीआरडीओ के सचिव डॉ. समीर.वी. कामत ने भी इस सफलता के लिए संगठन की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

**स्वदेशी रूप से विकसित किया गया बम:** मंत्रालय ने बताया कि गौरव बम को डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज (चांदीपुर) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने इसकी समीक्षा भी की। इस प्रणाली के विकास और सह उत्पादन भागीदारों में अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज, भारत फोर्ज और विभिन्न सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों ने सहयोग प्रदान किया है। इसके अलावा सैन्य उड़ान योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र तथा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का प्रमाणन और गुणवत्ता में योगदान रहा है।

## डीजीपी बहाली के...

उत्तर प्रदेश (चयन एवं नियुक्ति) नियमावली 2024 पर आधारित है। डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक स्वायत्त, पारदर्शी और राज्य सरकार के नियंत्रण में लाने के प्रयास के तहत ये कदम उठाया गया था। यही फार्मूला पश्चिम बंगाल को जंच गया है।

**राज्य सरकार चयन प्रक्रिया नियंत्रित करेगी:** पहले प्रदेश सरकार डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी को नामों का पैनल भेजती थी, जो तीन वरिष्ठ अधिकारियों का चयन करके सरकार को वापस भेजता था। नई नियमावली में इस प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है, और अब राज्य सरकार स्वयं चयन प्रक्रिया को नियंत्रित करेगी। नये नियम के हवाले से अब राज्य सरकार डीजीपी चयन के लिए कानूनी रूप से पूरी तरह स्वतंत्र रहेगी।

**विधानसभा से पारित कर कानून बनाएंगे:** दिल्ली प्रवास पर आए तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राज्य सरकार के इस फैसले को किसी भी राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। राज्य सरकारों को जो संविधान ने अधिकार दिया है उसी के तहत यूपी सरकार ने नियम बनाये, उसी अधिकार के तहत पश्चिम बंगाल सरकार पॉलिसी बना रही है। विधानसभा से पारित कराकर इसे नये कानून के तहत रखा जा रहा है। जिस तरह उत्तर प्रदेश में डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, वैसी ही प्रक्रिया पश्चिम बंगाल सरकार अपनायेगी। एक समिति का गठन किया जाएगाा जिसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे। समिति में मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा नामित एक सदस्य, प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनके द्वारा नामित अधिकारी, अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव (गृह), एक सेवानिवृत्त डीजीपी रहेंगे।

## नैनार नागेंद्रन बने...

के बाद नागेंद्रन अगस्त 2017 में बीजेपी में शामिल हो गए। 2021 में वे फिर से उसी सीट से बीजेपी उम्मीदवार के रूप में जीते। इसके बाद उन्हें तमिलनाडु विधानसभा में विधायक दल का नेता बनाया गया। नागेंद्रन ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी किस्मत आजमाई। उन्होंने रामनाथपुरम और तिरुनेलवेली सीटों से चुनाव लड़ा, लेकिन वे जीत नहीं पाए।

## फुले पर बनी फिल्म...

सोशल मीडिया के इस पोस्ट के राजनीतिक निहितार्थ निकाले जाने लगे। सवाल ये भी उठा कि फुले दंपति पर बनी किसी खास फिल्म को कब और किसने सेंसर किया। ये बात अलग है कि प्रतीक गांधी और पत्रलेखा अभिनीत है और 11 अप्रैल 2025 को फुले पर फिल्म रिलीज होने वाली थी। सेंसर बोर्ड ने प्रतिबंधित किया, ऐसी खबर पुष्ट नहीं हो सकी।

जाहिर है महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव और तमिलनाडु की द्रविड राजनीति में फुले विचाराधारा की राजनीतिक चाशनी सियासी शमां को लंबे समय से रौशन करती रही हैं। दलित-बहुजन इतिहास का मुद्दाः यह आरोप एक बड़े नैरेटिव का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भाजपा को ऊँची जातियों की पार्टी के रूप में पेश करते हैं, जो कथित तौर पर दलितों, पिछड़ों, और अल्पसंख्यकों के ऐतिहासिक योगदान को कमतर करने की कोशिश करती है। अहमदाबाद के कांग्रेस कन्वेंशन में राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय को मजबूत करने की बात कही थी। उसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने दलित-बहुजन वोटरों को लुभाने के लिए सोशल मीडिया के जरिये नैरेटिव सेट करने की कोशिश की है। दलित (लगभग 16-17%) और ओबीसी (लगभग 40-50%) समुदायों का बड़ा हिस्सा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, और कर्नाटक में, राजनीतिक रूप से दलित बहुत वोटर निर्णायक स्थिति में हैं।

**फुले का प्रतीकात्मक महत्व:** ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले सामाजिक समानता और जाति-विरोधी आंदोलन के प्रतीक हैं। उनकी विरासत खासकर महाराष्ट्र में मजबूत है, लेकिन यह पूरे भारत में दलित और ओबीसी समुदायों के लिए प्रेरणादायक है। फुले को उजागर करके राहुल गांधी बीजेपी पर सामाजिक न्याय के मुद्दों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हैं, जो इन समुदायों को आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा है।

**महिला मतदाताओं को संदेश:** सावित्रीबाई फुले ने भारत में पहली बार महिलाओं के लिए स्कूल खोला और लैंगिक समानता की वकालत की। राहुल गांधी का बयान महिलाओं, खासकर हाशिए पर रहने वाली समुदायों की महिलाओं, को आकर्षित करने का प्रयास भी हो सकता है।

## म्यांमार में राहत...

दस्ते में दो रोबोटिक खच्चर और दो नेनो ड्रोन को शामिल किया गया है। बल के पास वर्तमान में कुल 100 रोबोटिक खच्चर हैं। पिछले साल 2024 में रोबोटिक खच्चर और नेनो ड्रोन को सेना में शामिल किया गया था। उसके बाद यह पहला मौका है जब देश के बाहर इन दोनों को किसी राहत और बचाव अभियान का हिस्सा बनाया गया है।

### 10 दिन में फिर बिहार की यात्रा पर निकलेंगे

# प्रशांत किशोर ने पटना गांधी मैदान से बदलाव की भरी हुंकार



एजेंसी ▶▶ पटना

चुनावी रणनीतिकार से नेता बने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को पटना के गांधी मैदान में बड़ी रैली को संबोधित किया और बिहार में बदलाव का आह्वान किया। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जन सुराज की यह पहली रैली थी जिसमें 10 लाख की भीड़ आने का दावा किया गया था, लेकिन गांधी मैदान में लोगों की अपेक्षा से बहुत ही कम उपस्थिति रही। प्रशांत किशोर ने प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया और रैली में आए लोगों को पटना से बाहर ही रोकने का आरोप लगाया। रैली में आने वाले लोग घंटों जाम में फंसे रहे। रैली स्थल तक ही नहीं पहुंच पाए। खुद प्रशांत किशोर भी कई घंटों की देरी से पहुंचे। जिसके लिए उन्होने लोगों से मांफी मांगी। पीके ने कहा कि नीतीश सरकार और पटना प्रशासन ने आप लोगों को मुझसे रोकने की साजिश रची है। प्रशासन का कोई इंतजाम नहीं है। घंटों बसें जाम में फंसी है। इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

### पीके की रैली पर मंत्री जीवेश मिश्रा का हमला

प्रशांत किशोर की रैली को लेकर मंत्री जीवेश मिश्रा ने बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की रैली फ्लॉप हो गई है। लोग नहीं पहुंचे। सभी से नामांकन के नाम पर 21 हजार रुपए ठगे गए थे। मंत्री ने कहा कि रैली को लेकर जीतना बवंडर मचाया गया वैसा कुछ नहीं हुआ। ठगों की जमात हैं। चुनाव लड़वाना और लड़ने में अंतर हैं।




## अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से ठीक पहले सियासी चौसर पर शह-मात का खेल शुरू

# कांग्रेस, भाजपा के झगड़े में पिता रामदास ने बेटे अंबुमणि से छीनी गद्दी और 85 की उम्र में खुद बन गए पीएमके अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक चौसर सज गई है। सूबाई सियासत में इस बार भाजपा के दमखम लगाने से क्षेत्रीय दल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), एआईडीएमके, पीएमके जैसे छोटे दल भी अपने अपने मोहरें सजा रहे हैं। भाजपा की पहली चाल पर पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) सुप्रीमो एस. रामदास ने 'मात' के लिए ढाई घर की चाल चली। अस्सी बसंत पार कर चुके एस. रामदास ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाकर खुद अध्यक्ष का मोर्चा फिर से संभालने की औपारिक घोषणा कर दी। इसके पीछे की राजनीति में भले ही कांग्रेस की सियासत बताई जा रही है लेकिन बुजुर्ग रामदा ने भाजपा की तरफ झुकाव रखने वाले अपने बेटे यंग रामदास की बाजीगरी को पलट दिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से पहले इसे बड़ा सियासी घटनाक्रम माना जा रहा है।


अंबुमणि रामदास


एस. रामदास

### एआईएडीएमके के एक धड़े को भाजपा ने दिया था समर्थन

विदित हो कि जयललिता के स्वर्ग सिधार जाने के बाद एआईएडीएमके का दो फाड़ हो गया। भाजपा के रणनीतिकारों ने इसे अवसर के रूप में लिया। एआईएडीएमके के एक धड़े को समर्थन देकर राज्य में भाजपा को नये सिरे से स्थापित किया। तमिलनाडु की राजनीतिक नब्ज पर हाथ रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि अंबुमणि रामदास, और एस. रामदास पिता-पुत्र के बीच रणनीतिक मतभेद लंबे समय से चले आ रहे हैं। पीएमके के संस्थापक एस. रामदास का मानना है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन करना पार्टी के लिए अधिक फायदेमंद होगा। दूसरी ओर, अंबुमणि भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ बने रहने के पक्षधर हैं, क्योंकि उनका मानना है कि बीजेपी की राष्ट्रीय ताकत और प्रभाव पीएमके को लंबे समय में लाभ पहुंचाएगा।

### 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उभरे थे मतभेद

*यह मतभेद 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भी सामने आया था, जब रामदास ने एआईएडीएमके के साथ जाने की वकालत की थी, लेकिन अंबुमणि के दबाव में पीएमके ने एनडीए के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन में पीएमके को 10 सीटें मिलीं, लेकिन केवल एक सीट (धर्मपुरी) पर जीत हासिल हुई, जिससे एस रामदास का असंतोष और बढ़ गया। तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए रामदास ने पार्टी को मजबूत करने और वन्नियार समुदाय (पीएमके का मुख्य वोट आधार) को एकजुट करने के लिए स्वयं कमान संभालने का फैसला किया। वन्नियार समुदाय उत्तरी और पश्चिमी तमिलनाडु में प्रभावशाली है और लगभग 5-6% वोट शेयर रखता है, जो गठबंधन की स्थिति में निर्णायक हो सकता है। रामदास का मानना है कि एआईएडीएमके के साथ गठबंधन से पीएमके को अधिक सीटें और स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन का मौका मिलेगा, खासकर तब जब डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत स्थिति में है।*

### अंबुमणि की महत्वाकांक्षा से पार्टी में असंतोष

विशेषज्ञों का मानना है कि अंबुमणि की महत्वाकांक्षा के कारण पार्टी में असंतोष पनप रहा था। इसकी जानकारी पिता एस रामदास को थी। 2022 में एस रामदास ने अंबुमणि रामदास को पीएमके का अध्यक्ष बनाया था। उन्होंने पार्टी को आधुनिक बनाने और इसे पीएमके 2.0 के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की। उन्होंने युवा और व्यापक मतदाता आधार को आकर्षित करने की रणनीति अपनाई, लेकिन यह रामदास और पार्टी के पुराने नेताओं को पसंद नहीं आया। अंबुमणि के विरोधियों का मानना है कि उनके राज्यसभा सदस्यता का कार्यकाल जुलाई 2025 में समाप्त हो रहा है। वे भाजपा के साथ रहकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते थे ताकि फिर से राज्यसभा सीट या अन्य राजनीतिक लाभ मिल सके। लेकिन पीएमके दल के एवज में अंबुमणि की महात्वाकांक्षा को उनके पिता ने ही नकार दिया। जाहिर है अब नए सियासी समीकरण तमिलनाडु में जल्द उभरते दिखेंगे।

## खबर संक्षेप

### इमारत में लगी आग,18 का किया गया रेस्क्यू

**अहमदाबाद।** खोखरा इलाके में शुक्रवार को एक हाई राइज बिल्डिंग की चौथी फ्लोर में आग लग गई।



समय रहते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने वहां, फंसे सभी 18 लोगों का रेस्क्यू कर लिया। स्थानीय लोगों ने चौथी मंजिल पर फंसे बच्चों को बचाने की कोशिश की। इसी दौरान लोगों ने एक बच्ची नीचे गिरने से बचा लिया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

### करणी को मिला 'भैया' का साथ, आगरा चलो

**आगरा।** राणा सांगा को लेकर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ करणी सेना के आंदोलन



को यूपी की कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का भी साथ मिल गया है। सांगा की जयंती पर आगरा में शनिवार को होने वाले करणी सेना के आयोजन में राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल भी शामिल होगी। सभी के आगरा पहुंचने के लिए कहा है।

### नारनौल के साईं मंदिर में लाखों की चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर के साईं मंदिर से चोरों ने चांदी का



एक बड़ा छतर और तीन छोटे छतर चोरी कर लिए। इनके अलावा चांदी की माला भी चोरी कर फरार हो गए। मोहल्ला गांधी के राहुल ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसके घर के साथ लगते ही साईं बाबा का मंदिर है। मंदिर श्रद्धालुओं के लिए हमेशा खुला रहता है।

### आरजेडी विधायक रीतलाल के घर पर रेड

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के घर पर एसटीएफ की टीम



ने रेड की है। यह छापेमारी रीतलाल यादव के आवास के अलावा बिहटा और अभियंता नगर में स्थित ठिकानों पर भी जारी है। काली ड्रेस पहने एसटीएफ की टीम अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कई थानों की पुलिस को घटनास्थल पर तैनात किया गया है।

### यूट्यूब में अब एआई से खुद बना सकेंगे म्यूजिक

**नई दिल्ली।** यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म पर कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस सुविधा की घोषणा की है। इसके तहत अब क्रिएटर्स अपने वीडियो के लिए कस्टम इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक खुद जनरेट कर सकेंगे। यह नया टूल यू ट्यूब स्टूडियो के क्रिएटर म्यूजिक टैब का हिस्सा है और सभी क्रिएटर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध होगा।

## मेहंदीगंज में मोदी ने किया जनसभा को संबोधित, पूर्वांचल के विकास पर रहा जोर

# मैं काशी का हूं और काशी मेरी है, यहां की मिट्टी की खुशबू केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी



### पीएम ने 3900 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

**3 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड व 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया**

पहचान का नया पासपोर्ट बना जीआई टैग

हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए

हमने सेवक के रूप में कर्तव्यों को निभाया

एजेंसी ▶▶ काशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। मेहंदीगंज में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने 3900 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है। पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। कुछ लोगों का सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। 10 साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। लखपति दीदियों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं।पीएम मोदी ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं।

#### काशी के युवा ओलंपिक में मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे





पीएम मोदी ने काशी के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है। काशी के नौजवानों को अभी से मेहनत शुरू करनी होगी। काशी में नए स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि काशी के युवा ओलंपिक में मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे।

#### इलाज के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं

पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। वहीं उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है। मरीजों का इलाज निशुल्क हो जाएगा।

#### ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के संकल्पों को बढ़ा रहे आगे

पीएम ने कहा सामाजिक चेतना के प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारी शक्ति के ही आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए संकल्पित रहे। हम उनके संकल्पों को आगे बढ़ा रहे हैं।

#### हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े अस्पताल आपके पास आ रहे हैं। यही तो विकास है। सिर्फ अस्पताल ही नहीं, सुविधाएं बढ़ी हैं। काशी में पूर्वांचल समेत आसपास और नेपाल तक के लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

#### विकास और विरासत का अनूठा संगम बना बनारस

पीएम मोदी ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है। काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों ने एकता के सूत्र को मजबूत किया है। उन्होंने प्रस्तावित एकता मॉल का जिक्र किया, जहां भारत के सभी जिलों के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

#### यहां के विकास की चहुंओर तारीफ हो रही

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने काशी के तेजी से हो रहे बदलाव की भी सराहना की और कहा कि यहां के विकास की देश-विदेश में तारीफ हो रही है।

#### अच्छे स्वास्थ्य की राजधानी बन रही काशी

पीएम मोदी ने आज शुक्रवार को वाराणसी में वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' वितरित किए। पीएम ने कहा कि अब काशी सिर्फ धर्म और संस्कृति की नगरी नहीं, बल्कि 'स्वास्थ्य की राजधानी' भी बनती जा रही है। उन्होंने बुजुर्गों के चेहरों पर दिख रही संतुष्टि को इस योजना की सफलता का प्रमाण बताया।

#### भोजपुरी में संवाद किया

पीएम मोदी का काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने विशाल जनसभा में भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। साथ ही अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार



### अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं तो उसे सोचना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) घोटाला मामले को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की एजेंसी को याचिका पर नाराजगी जताई। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यामूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने एजेंसी से सवाल किया कि व्यक्तियों के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत रिट याचिका कैसे दायर की।

#### याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी

पीठ की टिप्पणी के बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उन्होंने इस दौरान कहा कि जांच एजेंसी के पास भी मौलिक अधिकार है। इस पर पीठ ने हल्के अंदाज में कहा कि अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। राजू को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

#### ईडी बोला-टुटेजा ने जमानत का दुरुपयोग किया

ईडी ने पिछले साल दावा किया था कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ने अग्रिम जमानत का दुरुपयोग किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि छग के कुछ पदाधिकारी मनी लॉनड्रिंग मामले में कुछ आरोपियों को न्यायिक राहत सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के संपर्क में थे।

## 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा की

# मुख्यमंत्री को घेरने आए कन्हैया कुमार समेत कई कांग्रेसी अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सियासी गलियारी में आज काफी गहमागहमी है। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ।



कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में निकले, लेकिन पुलिस ने उनको राजापुल के पास ही रोक दिया। कन्हैया सदाकत आश्रम से निकलने के बाद यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। लोगों पर वाटर केनन भी चलाया गया। कन्हैया समेत कई को हिरासत में लिया।

#### अब सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले रही यात्रा

प्रदर्शन से पहले कन्हैया ने कहा कि बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदायात्रा की शुरुआत की थी। यह यात्रा बिहार के नौजवानों और बेरोजगारों के लिए निकाली गई थी। इसमें लाखों लोग जुड़ गए। यह यात्रा अब सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले रही है।

## उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार बोले

# कोई भी कमीशन मांगे तो लोकायुक्त के पास शिकायत करें ठेकेदार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सुझाव दिया कि यदि किसी ने ठेकेदारों



से उनके बिलों के भुगतान के लिए कमीशन की मांग की है, तो उन्हें लोकायुक्त के पास शिकायतकरानी चाहिए। उनकी प्रतिक्रिया कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ की तरफ से आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद आई है, जिसमें कहा गया कमीशन का खतरा गंभीर है। संघ ने दावा किया कि शिवकुमार और 2 अन्य वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के कार्यालयों में अदृश्य दलाल सक्रिय हैं।

## ओडिशा में नड्डा ने किया आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ

# महिलाओं को मिलेगा 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा, 3.5 करोड़ को लाभ

### 3 योजनाओं से लोगों में छाई खुशियां

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा में शुक्रवार से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू हो गई है। कटक के बालीयात्रा मैदान में एक विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विधिवत इस योजना का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय जनजाति व्यापार मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आदि मौजूद थे।

#### आयुष्मान बायो वंदन योजना का लोकार्पण



नड्डा ने गोपबंधु जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान बायो वंदन योजना का भी लोकार्पण किया । इन 3योजना से राज्य के 3 करोड़ 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे। सरदार बल्लभ भाई पटेल पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ पीडियाट्रिक के नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने भुवनेश्वर के सिपेट एवं एम्स मेडिकल कॉलेज का दौरा किया।

#### महिलाओं में दिखा उत्साह

ओडिशा में पहली बार लागू होने वाली आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर ओडिशा के लोगों में खासकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया है। समय से पहले लाभ मिला है।

## गुरुग्राम में एक हजार एकड़ में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी विकास परियोजना

# हरियाणा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी ग्लोबल सिटी: मुख्यमंत्री सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी विकसित की जाएगी। यह परियोजना हरियाणा के विकास में एक और मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर व मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

- ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ सीएम नायब ने की बैठक

### इसके पहले चरण में 587 एकड़ के क्षेत्रफल पर 940 करोड़ खर्च होंगे



#### रोजगार के पांच लाख से अधिक अवसर होंगे सृजित

सैनी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश के साथ यह परियोजना लगभग 16 लाख लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी। परियोजना के विकसित होने पर करीब पांच लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। एक हजार एकड़ पर विकसित की जा रही इस परियोजना में मिक्स यूज लैंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें रिहायशी, व्यावसायिक, हॉस्पिटेलिटी व शैक्षणिक संस्थानों आदि के लिए भी विशेष स्थान रहेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से विकसित की जा रही इस परियोजना का पहला चरण अगले साल के अंत तक निर्धारित टाइम लाइन अनुसार पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के पहले चरण में 587 एकड़ के क्षेत्रफल पर 940 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

#### आधुनिकता के साथ हरियाली पर भी रहेगा विशेष फोकस

सैनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पूरी परियोजना में ग्रीन एरिया का भी विशेष ध्यान रखा गया है। ग्लोबल सिटी का तापमान गुरुग्राम शहर से कम रहे, इसके लिए ग्लोबल सिटी में लगभग 125 एकड़ पर ग्रीन जोन प्रस्तावित है। उन्होंने ग्लोबल सिटी की कनेक्टिविटी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्लोबल सिटी की दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 मिनट, रेलवे स्टेशन/आई.सी.डी. से 20 मिनट, हेलीपोर्ट और मल्टीमॉडल ट्रांजिट हब से मात्र 10 मिनट की दूरी रहगी। वहीं एनपीआर, एसपीआर, सीपीआर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग 48 सड़क से इसकी कनेक्टिविटी रहेगी।

#### 350 मिलियन लीटर क्षमता का जलाशय बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सिटी में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 18 एकड़ में 350 मिलियन लीटर क्षमता का मास बैलेसिंग रिजर्वायर बनाया जाएगा, जोकि जल भंडारण के रूप में कार्य करेगा और इस सिटी की सुंदरता बढ़ाने के साथ साथ ग्लोबल सिटी के लिए सात दिनों का जल बैकअप भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सिटी में 10.7 किमी यूटिलिटी टनल होगी, जिसमें वाटर पाइपलाइन, इलैक्ट्रिक केबल, अग्निशमन सेवाएँ, लाइटिंग सिस्टम, वेंटिलेशन सिस्टम, फायर डिटैक्शन, अर्थिंग सिस्टम आदि का प्रावधान होगा।

#### मुख्यमंत्री के समक्ष निवेशकों ने दिखाई ग्लोबल सिटी में रुचि

मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट को लेकर 14 बड़े निजी समूहों नामतः मैक्रोटेक (लोढ़ा), डीएलएफ, अडानी, आरएमजेड, एलएंडटी रियल्टी, सिग्नेचर, एल्डेको, हीरो रियल्टी, यूनिटी, बेस्टेक, प्रेस्टिज कंस्ट्रक्शन, जेएलएल, सीबीआरई तथा एएसएफ से सुझाव भी लिए। मुख्यमंत्री के समक्ष ग्रुप्स के प्रतिनिधियों ने ग्लोबल सिटी को लेकर अपनी रुचि जाहिर की। मुख्यमंत्री ने सुझावों को लेकर निर्देश भी जारी किए। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश तथा चीफ कोऑर्डिनेटर सुनील शर्मा ने विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण
और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
D-11005/25
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
संस्कार भारती
कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें।
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025

चिंतन

# औद्योगिक क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता

आज विश्व में अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार छिड़ा हुआ है। इस स्थिति को भारत के उद्योग क्षेत्र के लिए अवसर के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन क्या भारत का उद्योग क्षेत्र इसका लाभ लेने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि भारत का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गया है। ब्लूमबर्ग ने फरवरी के लिए 3.6% की आईआईपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था, लेकिन असल आंकड़े इससे काफी कम रहे। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता सामान (इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं) की वृद्धि फरवरी में सिर्फ 3.8 प्रतिशत रही, जो फरवरी, 2024 में 12.6 प्रतिशत थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी। ये आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश के औद्योगिक क्षेत्र के हालात किस तरह सुस्त हो रहे हैं। जबकि अभी देश के सामने अनेक आर्थिक चुनौतियां हैं। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स और आयात पर नए टैरिफ के ऐलान और चीन के साथ टैरिफ वार से ग्लोबल स्तर पर आर्थिक अनिश्चतता और आपूर्ति तंत्र के प्रभावित होने का खतरा है, इसका असर भारतीय उद्योग क्षेत्र पर भी पड़ना तय है। ऐसे में उद्योग क्षेत्र की गति में नरमी सुखद संकेत नहीं हैं। भारतीय उद्योग के अधिकांश क्षेत्र खराब परफॉर्म कर रहे हैं। रियायत व समर्थन की कई घोषणाओं के बावजूद भारतीय उद्योग क्षेत्र रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है, तो इसके पीछे अनेक कारण हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति है, जिसमें यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और चीन के विनिर्माण क्षेत्र में मांग में कमी से भारत के निर्यात में भी गिरावट आई है। विमुद्रीकरण और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधारों से औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र उबर नहीं पाया है। विनिर्माण क्षेत्र की चीनी आयात पर निर्भरता भी घरेलू उत्पादन में कमी की वजह है। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में काफी कम निवेश, उद्योगों के बीच सहयोग की कमी और प्रौद्योगिकी के सीमित उपयोग से प्रतिस्पर्धात्मकता और नवाचार प्रभावित हुए हैं। अगर हमें वैश्विक अवसर का लाभ लेना है तो नीतिगत, पूंजीगत व माहौलगत बाधाओं को दूर करते हुए उदार औद्योगिक नीति के लिए आर्थिक सुधार के अगले चरण की आवश्यकता है।



हिंदी विरोध
उमेश चतुर्वेदी

तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है।

# तमिलनाडु में मजबूत होती भाजपा की पिच

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रुपये के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिल भाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था, जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहता है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत पर आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधान सभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रुख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रुख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरुआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा।



अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। इसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है। अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रुपये के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रुख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रुख अपना रखा है। रुपये का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलिसाई सौंदरराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फार्मूला रहा है।

त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रुपये का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बन रही थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई वाले हिंदी विरोधी तीखे आंदोलन को समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर है। इस बार हिंदी विरोध या रुपये के प्रतीक बदलने की तरकीब को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से की समझ बनी है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अतीत में हिंदी और उत्तर भारत विरोध स्थानीय लोगों को गोलबंद करने का आसान जरिया रहे। इन मुद्दों पर सियासी बैटिंग डीएमके के लिए परिचित पिच रही है। इस पिच पर एक बार फिर सियासी बैटिंग करना उसे आसान लग रहा है। बीजेपी ने भी पिच तो वही अपनाई है, लेकिन उसके मुद्दे अलहदा हैं। राष्ट्रीय मुद्दे बनाम स्थानीय सोच की इस जंग में फिलहाल देश का दक्षिण कोना घायल होता नजर आ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सोच बननी जरूरी है। अन्यथा ऐसी राजनीति के दंश का दर्द अरसे तक झेलना पड़ सकता है। अन्नाद्रमुक से गठबंधन के बाद भाजपा वहां और मजबूत हो गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
डॉ. मोनिका राज




# देश में कुपोषण की समस्या व चुनौतियों का समाधान जरूरी

भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जो केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से जुड़ी हुई है। यह समस्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को तो प्रभावित करती ही है, साथ ही पूरे समाज की उत्पादकता और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हाल के वर्षों में, सरकार ने सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है, लेकिन यह प्रश्न बना हुआ है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में भारत के कुपोषण संकट को हल कर पाएंगी? कुपोषण को केवल खाद्य असुरक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे संतुलित आहार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सही पोषण शिक्षा के माध्यम से हल किया जा सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 36 फीसदी बच्चे अविकसित हैं, 19 फीसदी बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं और 57 फीसदी महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। इसके अलावा, 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रसित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में कुपोषण केवल कुपोषित बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक समस्या है, जिसमें कुपोषण और अधिक पोषण दोनों शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और जंक फूड की बढ़ती खपत से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग बढ़ रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण असंतुलन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी देखी जाती है। सरकार ने कुपोषण से निपटने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं। इनमें मिड-डे मील योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अन्नपूर्णा योजना प्रमुख हैं। सरकारी वितरण प्रणाली में खामियां हैं, जिससे कई बार लाभार्थियों तक राशन और पोषण पूरक सही समय पर नहीं पहुंच पाते। महिलाओं और किशोरियों में कुपोषण की स्थिति अधिक चिंताजनक है। भारत में 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं, जिसका कारण आयरन और फोलिक एसिड की कमी, अपर्याप्त आहार और बार-बार गर्भधारण है। किशोरियों में भी पोषण की कमी उनके भविष्य के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। महिलाओं का कुपोषण न केवल उन्हें बल्कि उनके होने वाले बच्चों को भी प्रभावित करता है, जिससे यह समस्या पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इसी प्रकार, बुजुर्गों में पोषण की समस्या को भी नजरअंदाज किया जाता है। भारत में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उनके पोषण की समस्याओं पर कम ध्यान दिया जाता है। कई वृद्ध व्यक्ति अकेले रहते हैं और उन्हें पोषक आहार नहीं मिल पाता, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन है। भारत में पोषण सुधार केवल कुपोषण दूर करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम का भी हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए कई सुधारात्मक उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, पोषण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लोगों को सही पोषण के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक केंद्रों में पोषण जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। दूसरा, स्थानीय खाद्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। तीसरा, सरकारी खाद्य वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि गरीबों को सही समय पर पौष्टिक भोजन मिल सके। आज के समय में, जब भारत तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास कर रहा है, यह जरूरी है कि पोषण को केवल भोजन प्राप्त करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण का हिस्सा बनाया जाए। एक कुशल और संतुलित पोषण नीति से न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है। यह समय की माँग है कि हम कुपोषण को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पहचानें और इसे दूर करने के लिए समर्पित प्रयास करें। केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान देना भी जरूरी है। यदि हम सही दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो भारत न केवल कुपोषण को समाप्त करने में सफल होगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

अंतर्मन




### आज की पाती

#### हर पेड़ की अहमियत समझें

हाल ही में मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मियों का मौसम कुछ ज्यादा ही सताएगा और लू भी परेशानियों को बढ़ाएगी। अब तो समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई और ठंडा क्षेत्र के नाम से मशहूर शिमला और हिमाचल के अन्य क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में आ रहे हैं, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी आफत बन रही है? गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। देश के उन राज्यों में भी गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है जहां कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही तो क्या आने वाले समय में एसी भी हमारी गर्मी से बचाने में मदद कर पाएंगे? - **सांकेत यदु**, धमतरी

ट्रेंड

**महात्मा फुले को नमन**



मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**महिला समृद्धि योजना**




महिला समृद्धि योजना एक तात्कालिक नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से लागू की जाने वाली सतत योजना है। इसका उद्देश्य हर पात्र महिला को नियमित मासिक सहायता देना है। मेरा संकल्प है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

**शिक्षा माफिया की जकड़**



दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें? क्योंकि नेता और मंत्री इनकी जेब में हैं, जैसे हमारी सरकार के पहले होते थे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

**दृढ़ संकल्प**



जब आप अपने दिल में जुनून और दिमाग में दृढ़ संकल्प के साथ जीवन को खेलते हैं, तो शरीर एक सही स्विंग देगा। जुआन पोस्टिगो आर्से हम सभी के लिए एक प्रेरणा हैं।
-सचिन तेंडुलकर, क्रिकेटर

करंट अफेयर

## युवराज हैरी यूक्रेन में युद्ध पीड़ितों से मिले



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने बृहस्पतिवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों की शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए। ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है। उन्होंने 2014 में 'इनविक्टस गेम्स' की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि 'इनविक्टस' सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं।

ऑफ बीट

## क्या घुड़दौड़ के घोड़े जानते है कि वे जीतने के लिए दौड़ रहे



दशकों के अनुभव और घोड़ों के व्यवहार के बारे में हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, मुझे लगता है कि सबसे प्रशंसनीय उत्तर 'नहीं' है। घोड़े के दृष्टिकोण से, दौड़ जीतने के लिए कुछ आंतरिक पुरस्कार होते हैं। अंत तक पहुंचने का मतलब हो सकता है कि तेज़ गति से सरपट दौड़ते रहने के दबाव और जॉकी के चाबुक से राहत मिले, लेकिन फिनिशिंग पोस्ट पार करने के बाद सभी घोड़ों के लिए भी यही सच है। यदि दौड़ करीब है, तो अंततः जीतने वाले घोड़े को मैदान में पीछे के घोड़ों की तुलना में तेज दौड़ाने के लिए अंतिम चरण में अधिक बार कोड़े मारे जा सकते हैं। इसलिए जबकि विजेता पद पर सबसे पहले पहुंचना घोड़े के सवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है, घोड़े के लिए बहुत कम प्रत्यक्ष, आंतरिक लाभ है जो उसे इस परिणाम को प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से तेजी से सरपट दौड़ने के लिए प्रेरित करता है। तो क्या घोड़े को भी पता है कि वह दौड़ में है? फिर, उत्तर संभवतः 'नहीं' है। दौड़ना (कैंटरिंग या सरपट दौड़ना) घोड़ों का सर्वोत्कृष्ट व्यवहार है और अवसर मिलने पर घोड़े स्वेच्छा से समूहों में एक साथ दौड़ते हैं – यहां तक कि बिना जॉकी के दौड़ में भी।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# विक्रमोत्सव 2025

## नवजागरण पर एकाग्र

## आर्ष भारत प्रदर्शनी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया अवलोकन



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत शोधपीठ कार्यालय परिसर, बिड़ला भवन में प्रदर्शित भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी में 100 से अधिक ऋषियों, मनीषियों, महापुरूषों के चित्रों को देशभर के चित्रकारों ने तैयार किया है। यह प्रदर्शनी भारतीय ऋषियों द्वारा दिये गये वैज्ञानिक योगदान को बताती है और यह स्पष्ट करती है कि भारतीय वैज्ञानिक परंपरा कितनी समृद्ध थी।*







## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण

उज्जैन

जो प्राचीन काल से कालगणना का प्रमुख केंद्र रहा है, विगत वर्ष यहाँ विश्व की पहली वैदिक घड़ी स्थापित की गई। यह वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विक्रमोत्सव 2025 में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण किया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है। भारतीय कालगणना सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में किया गया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 फरवरी 2024 को किया गया। भारतीय कालगणना की इस परंपरा को व्यावहारिक बनाने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का एप भी तैयार किया जा चुका है। यह एप जीपीएस द्वारा संचालित है। जिससे यह किसी भी स्थान पर सूर्योदय के समय को सटीकता से जान पाता है और उसके अनुसार वैदिक समय की गणना करता है। यह एप 180 से अधिक भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं में देखा जा सकता है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित है। अतः जिस स्थान पर जो सूर्योदय का समय होगा उस स्थान की का ल ग ण ना तदनुसार होगी। स्टेंडर्ड टाइम भी उसी से जुड़ा रहेगा।

**समृद्ध परंपरा पुनर्जीवित करने का एक प्रयास**

इस एप के माध्यम से वैदिक समय, लोकेशन, भारतीय स्टेंडर्ड टाइम, ग्रीन विच मीन टाइम, तापमान, वायु गति, आर्द्रता, भारतीय पंचांग, विक्रम सम्वत, मास, ग्रह स्थिति, योग, भद्रा स्थिति, चंद्र स्थिति, पर्व, शुभाशुभ मुहूर्त, घटी, नक्षत्र, जयंती, व्रत, त्यौहार, चौघडिया, सूर्य ग्रहण, चन्द्रस ग्रहण, आकाशस्था, ग्रह, नक्षत्र, ग्रहों का परिभ्रमण आदि की जानकारी समाहित है।

**प्रयास** — 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में होंगे आयोजन

# भारतीय अस्मिता का सवा सौ दिवसीय उत्सव सनातन संस्कृति के स्वरूप से बनेगा 'कीर्तिमान'

*विक्रमोत्सव 2025 : विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है।*

उज्जैन

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) को हुआ। विक्रमोत्सव का यह प्रथम चरण सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा (30 मार्च 2025) को सम्पन्न हुआ और इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। जो 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संवर्धन, संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस वर्ष विक्रमोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा अंतर्गत विन्टेज कार, स्पोर्ट्स बाईक व जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति से हुई। 51 महाशिवरात्रि मेलों, सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का लोकार्पण शामिल है साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में आनंदन शिवमणि एवं दल तथा हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला, वस्त्रोद्योग, हाथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी, आदि शिल्प अंतर्गत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




### बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक तथा सम्राट विक्रमादित्य और उनके युग के ऐतिहासिक महत्व को पुनः जीवंत करने के उद्देश्य से 18 वर्ष पूर्व एक दिवसीय आयोजन के रूप में प्रारंभ हुआ विक्रमोत्सव, आज 125 दिनों तक आयोजित होने वाला एक भव्य, बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। संभवतः इतनी लंबी अवधि तक चलने वाला यह विश्व का एकमात्र उत्सव है। विगत वर्षों में विक्रमोत्सव ने देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्सवधर्मी पहचान को बखूबी स्थापित किया है। विक्रमोत्सव ने समय के साथ नवाचार और विविधता का समावेश करते हुए न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान स्थापित की है।

### लोक समाज के लिए पर्व बना विक्रमोत्सव

विक्रमोत्सव 2025 एक इवेंट नहीं है यह लोक समाज के लिए पर्व बन चुका है। 26 फरवरी से 30 जून 2024 तक आयोजित यह समारोह देश-प्रदेश की सांस्कृतिक दुनिया का सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला आयोजन है। विक्रमोत्सव में जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन, जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, वेद अंताक्षरी, संगीत, नृत्य, नाटक, चित्र, मूर्तिकला, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, भारतीय बोलियों व हिन्दी भाषाई अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, शोध परक पुस्तकों के प्रकाशन तो इसमें शामिल है ही साथ ही भारतीय कालगणना की प्राचीनतम, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति पर आधारित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप का लोकार्पण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सबसे अलंकरण समारोह भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सम्मान सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान एवं तीन राज्य स्तरीय सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान प्रदान किये।

### दुनिया का अनोखा उत्सव

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है। विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि यह उस भारतीय परम्परा का घोतक है जहाँ हम अपने पूर्वजों का पुण्य स्मरण करते हैं और उनके बताये रास्ते पर चलकर भारतवर्ष को नित नयी ऊँचाई तक पहुँचाने का विनम्र कोशिश करते हैं। वर्ष 2006 से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। विगत समय में इसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैचारिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, व्यावसायिक तथा विरासत व विकास के विभिन्न आयामों को समाहित किया गया है। इसका नवाचार इसे दुनिया में अपने तरह का अनोखा उत्सव बनाता हैं।

## अलंकरण समारोह...महाराजा विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान




यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलला, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक और रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 21 लाख रुपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जायेगी।

### सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान

यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याम-विधि, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कल्य, शौर्य, प्राध्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रादेशिक होगा। यह सम्मान प्रतिवर्ष तीन प्रतिष्ठित संस्था व व्यक्तियों को प्रदान किये जायेंगे। पहली श्रेणी न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनम, शौर्य होगी। दूसरी श्रेणी में खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वांग्मय विषय को सम्मिलित किया गया है और तीसरी श्रेणी में रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 5 लाख रूपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जावेगी।

*12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर होगा आयोजन*

# सीएम मोहन यादव ने किया ऐलान- लाल किले पर होगा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में विक्रमोत्सव के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के महामंचन की घोषणा की। यह भव्य कार्यक्रम 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य के शासन और उनके द्वारा स्थापित सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित मंचन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कहना है कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है और उनका व्यक्तित्व आज भी लोगों को प्रेरित करता है। इस महानाट्य में 250 से अधिक कलाकार अभिनय करेंगे, जिसमें हाथी, घोड़े और पालकी का भी प्रयोग होगा। यह प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य के साम्राज्य और उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। पहले हैदराबाद



में भी विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन किया जा चुका है, और अब दिल्ली में इसे और भी भव्य रूप में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विक्रम संवत के 60 विभिन्न नामों का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने 57 ईस्वी पूर्व में विक्रम सम्वत की शुरुआत की थी, जिसे आज भी प्रचलित किया गया है। यह संवत भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बन चुका है। सम्राट विक्रमादित्य का शासन, उनकी न्यायप्रियता, दानशीलता और प्रजा के प्रति संवेदनशीलता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने विक्रमादित्य के शासन में नवरत्नों के समूह का उल्लेख किया, जो उनकी शासन व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। ये नवरत्न विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे और उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य के शासन को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों में भी अपनी महिमा का परचम लहराया था। सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा किए गए कार्य, जैसे कि मथुरा और अयोध्या में मंदिरों का निर्माण, आज भी उनके योगदान को प्रासंगिक बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों को कर्ज मुक्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही।

### सम्राट विक्रमादित्य के कार्यकाल की समानता

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों को सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल से जोड़ते हुए कहा कि विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की थी और कभी खुद को राजा नहीं कहा। यह आधुनिक भारत की दिशा और प्रधानमंत्री मोदी की सोच के समान है, जो खुद को देश का प्रधान सेवक मानते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के जीवन और उनके कार्यों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

**गौरव** — उज्जैन का गौरव महाकाल है, महाकाल की महिमा अपूर्व हैः पीएम मोदी

# उज्जैन की धरती पर धर्म, संस्कृति और परंपराओं का महाकुंभ

*आकाशे तारकेलिंगम, पाताले हाटकेश्वरम।*
*मृत्युलोके महाकालं, त्रयलिंगम नमोस्तुते।।*

अर्थात आकाश में तारकालिंग, पाताल में हाटकेश्वर, तथा पृथ्वीलोक में महाकाल हैं। महाकाल की महानता सर्वव्यापी है। इस भूलोक में महाकाल कहां विराजित हैं इस जिज्ञासा की पूर्ति के लिए वराह पुराण में कहा गया है कि "नाभिदेशे महाकालस्तन्नाम्ना तत्र वै हरः"। यह नाभिदेश उज्जैन ही है। उज्जैन का गौरव महाकाल है महाकाल की महिमा अपूर्व है।

शिव पुराण के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में महाकाल प्रसिद्ध है क्योंकि वे स्वयं कालों के काल हैं। कर्क रेखा उज्जैन से ही गुजरती है, जिसके केन्द्र के रूप में कर्कराजेश्वर मंदिर विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहा गया है कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन वह नगरी है, जो प्रलय के प्रहार से भी मुक्त है। "प्रलयो न बाध्यते, ततमहाकाल पूज्यते"। उज्जैन न केवल काल गणना एवं ज्योतिषिय गणना का केन्द्र है, अपितु यह भारत की आत्मा का केन्द्र भी है। विक्रमादित्य के प्रताप से भारत के स्वर्णकाल की शुरूआत हुई। विक्रम संवत महाकाल की भूमि से ही शुरू हुआ। उज्जैन के क्षण-क्षण में इतिहास, कण-कण में आध्यात्म और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा है। उज्जैन ने एक हजार वर्षों तक भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, गरिमा, साहित्य, कला का नेतृत्व किया। कालिदास एवं बाणभट्ट की रचनाओं में



यहाँ की सभ्यता, संस्कृति, शिल्प और वैभव का वर्णन मिलता है।'श्री महाकाल लोक' दिव्य है। यहाँ सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है '। महाकाल लोक में हमारी सांस्कृतिक परम्परा को कला एवं शिल्प के रूप में उकेरा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैनी के महत्व का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि उज्जैनी में संपूर्ण सृष्टि समाहित है। विश्व के सात सागर प्रतीक स्वरूप उज्जैन के सप्त-सागर में विद्धमान है, 84 लाख योनियों का प्रतिनिधित्व उज्जैन का 84 महादेव मंदिर करता है। द्वारिका सहित हमारी कई ऐतिहासिक और पौराणिक घटनाओं की पुष्टि वर्तमान का ज्ञान और आधुनिक यंत्र करते हैं। राजा विक्रमादित्य न्याय के प्रतीक थे। विक्रमोत्सव भव्य स्वरूप से आयोजित होगा। प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन्हें साकार किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव

*अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, इनोवेश स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा। विद्यार्थियों के लिए फेस टू फेस इंटरेक्शन। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित कार्यशालाएँ। साइंस शो, साइंटिफिक मॉडल कांपटीशन टेलिस्कोप से नाइट स्काई वाचिंग। प्रदेश के 300 से अधिक युवा शोधार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के 18 विषयों में शोध पत्र का वाचन। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार एवं फैलोशिप। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार। प्रथम पुरस्कार राशि रु. 25000/-, द्वितीय पुरस्कार राशि रु. 20000/- तृतीय पुरस्कार राशि रु. 15000/-। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के संस्थान/प्रयोगशाला में शोधकार्य एवं कौशल उन्नयन हेतु तीन से छह माह तक फैलोशिप 20000/- प्रतिमाह।*

**विक्रमोत्सव प्रर्दशनी**

## उज्जैनवासियों ने देखे सैंकड़ों साल पुराने तोप के गोले

उज्जैन

विक्रमोत्सव में इस बार एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। बिड़ला भवन सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की यह प्रदर्शनी शुरू हुई है। अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर के अनुसार, प्रदर्शनी में सैकड़ों साल पुराने शस्त्र रखे गए हैं।

प्रदर्शनी में 1817 के एंग्लो-मराठा युद्ध से जुड़े हथियार भी प्रदर्शित किए गए हैं। महिदपुर में हुए इस युद्ध में तीन हजार मराठा सैनिकों ने 20 दिसंबर 1817 की रात बलिदान दिया था। युद्ध क्षेत्र से प्राप्त तोप के गोले, संगीन और टूटी तलवारें भी यहां रखी गई हैं। प्रदर्शनी में धातु और कछुए की पीठ से बनी ढालें भी शामिल हैं। इनका उपयोग तलवार के वार से बचाव के लिए किया जाता था। इस प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण 80 किलोग्राम वजनी लोहे का बख्तरबंद चोगा है।



### प्रदर्शनी में रखे ये हथियार

पुरानी लोहे व तांबे की तलवारें, बर्डी, कवच, तोप के गोले, बारूद दानी, ढाल, कंठ पट्टा, वज्र, अंकुश, खंजर, दंड पट्ट, बख्तरबंद, धनुष बाण, कुल्हाड़ी, मुरकी, पुराने समय की दूरबीन, कुकरी, शिरस्त्राण, मशालें, महिला सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी दस्ट गन जिसमें दश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी डस्ट गन जिसमें दुश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। पीतल से बनी दूरबीन, मशाल के साथ ही पांच करोड़ साल पुराने जीवाश्म भी प्रदर्शनी में रखे गए हैं।

D-13001/25

## खबर संक्षेप

### शहरों में घरों की औसत कीमत नौ प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** 2024-25 में नई पेश की गई आवासीय परियोजनाओं में भारित औसत कीमतें कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण नौ प्रतिशत बढ़ी हैं। प्रमुख नौ शहरों में नए घरों की भारित औसत कीमत 2024-25 में नौ प्रतिशत बढ़कर 13,197 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जो 2023-24 में 12,569 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

### रियल एस्टेट में मार्च में इक्विटी निवेश 74% बढ़ा



**नई दिल्ली।** संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च अवधि में सालाना आधार पर इक्विटी निवेश 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.9 अरब डॉलर रहा। 'जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान निवेश प्रवाह मुख्य रूप से डेवलपर गतिविधि और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट और संस्थागत निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि से प्रेरित रहा।'

### सुभाष चंद्र चौधरी ने ग्रहण किया संबलपुर मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार



**संबलपुर।** सुभाष चंद्र चौधरी ने मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण किया। चौधरी भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रिकी सेवा के 1995 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने एचबीटीआई कानपुर से विद्युत इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। इस कार्यभार ग्रहण करने से पहले चौधरी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में मुख्य विद्युत इंजीनियर, निर्माण के पद पर कार्यरत थे।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# चीन पर उच्च शुल्क से भारतीय उत्पाद अमेरिका में बन सकते हैं अधिक प्रतिस्पर्धी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के चीन पर 145 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने से कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों के भारतीय उत्पादों को अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिल सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार, लाभ अल्पकालिक हो सकते हैं, जब तक कि भारत अपने निर्यात परिवेश को मजबूत करने, अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और अमेरिकी खरीदारों के साथ संबंध बनाने के लिए इस अवसर का सक्रिय रूप से फायदा नहीं उठाता।

- सरकार छोटी कंपनियों को सस्ती कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराए

## आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने दिया सुझाव

### भारत की चीन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा

श्रीवास्तव ने कहा, 'इस अस्थायी राहत से भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिल सकती है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां भारत चीन के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करता है, जैसे कपड़ा, चमड़े का सामान, इंजीनियरिंग से जुड़ी चीजें और इलेक्ट्रॉनिक। इन क्षेत्रों में भारत की चीन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा है।'



### आदेश की समीक्षा जरूरी

संस्थापक ने भारतीय निर्यातकों से कहा कि वे नए अमेरिकी कार्यकारी आदेश और सीमा शुल्क दिशानिर्देशों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें, ताकि यह समझा जा सके कि किन उत्पादों पर नए शुल्क लगेंगे और किन पर छूट होगी तथा इसकी समय-सीमा क्या होगी।

### 27 मई तक नहीं लगेंगे शुल्क

आर्थिक शोध संस्थान ने स्पष्ट किया, " पांच अप्रैल से पहले अमेरिका पहुंच चुके और 27 मई तक अमेरिका पहुंचने वाले सामानों पर नए शुल्क नहीं लगेंगे। पांच अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच भेजे गए सामानों पर एक समान 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जिससे देश-विशिष्ट शुल्कों में वृद्धि नहीं होगी।"

### ब्याज समकारी योजना पुनः लागू हो

इसने सुझाव दिया कि सरकार ब्याज समकारी योजना को पुनः लागू करे, ताकि छोटी कंपनियों को सस्ता कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाए और सीमा शुल्क के जरिये निर्यात में तेजी लाई जा सके।

### शुल्क टलना भारतीय निर्यातकों के लिए अवसर

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नए कार्यकारी आदेश में उल्लिखित देश-विशिष्ट शुल्क को 90 दिन के लिए टालना भारतीय निर्यातकों के लिए अवसर प्रदान करता है। चीनी वस्तुओं पर अब 125 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगेगा, जबकि भारत से आयात पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त मूल शुल्क लगेगा।

## फरवरी में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत

# औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण सुस्त पड़ी है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

### गिरावट चौतरफा रही

इससे पहले, पिछला निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था। उस समय वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "...पिछले साल फरवरी 29 दिन का होने से तुलनात्मक आधार कमजोर रहा और आईआईपी की सालाना वृद्धि इस साल फरवरी में घटकर 2.9 प्रतिशत रही...गिरावट चौतरफा रही।

**विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र का खराब प्रदर्शन** ▶ **बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी रही** ▶ **खनन का वृद्धि प्रदर्शन बिगड़ने की आशंका**



### बिजली का उत्पादन धीमा होकर 3.6 फीसदी

*आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी।*

### एनएसओ ने जारी किया आंकड़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, 2025 में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन वृद्धि आलोच्य महीने में 1.6 प्रतिशत रही जो एक साल पहले फरवरी महीने में 8.1 प्रतिशत थी।

*सालाना आधार पर वृद्धि कम रही*

*उपयोग आधारित वस्तुओं समेत बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी हुई है। इसके कारण इस साल फरवरी में सालाना आधार पर वृद्धि कम हुई है।" उन्होंने कहा, "खनन का वृद्धि प्रदर्शन फरवरी, 2025 की तुलना में मार्च, 2025 में बिगड़ने की आशंका है।*

### निर्माण के सामानों में तेजी

आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 2.1 प्रतिशत घटा, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी।

### प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी।

# 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया तिरुपति कलेक्शन' का 10वां संस्करण पेश



**मुंबई (हरिभूमि न्यूज)।** भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक रिलायंस ज्वेल्स, तिरुपति की पवित्र भूमि को नमन करते हुए गर्व से अपने सिग्नेचर 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन में तिरुपति कलेक्शन का 10वां संस्करण प्रस्तुत करता है। अपने पौराणिक मंदिरों, शानदार वास्तुकला और अपने इष्टदेव, भगवान बालाजी की दिव्य आभा से प्रेरित, यह उत्कृष्ट सोने और हीरे के ज्वैलरी कलेक्शन अक्षय तृतीया समारोह को दैवीय अनुकंपा प्रदान करता है। बारीकी के साथ तैयार किए गए ये डिजाइन भगवान बालाजी की आध्यात्मिक महिमा, पवित्र तिरुमाला पहाड़ियों और श्रीनिवास कल्याणम के सुंदर आकर्षण को दर्शाते हैं। चाहे वह राजसी चोकर हो, शानदार लंबे हार, नाजुक ढंग से हस्तनिर्मित चूड़ियां, या खूबसूरती से गढ़ी गई बालियां, हर आभूषण मंदिर परंपराओं की कलात्मकता को प्रतिबिंबित करती है, जो आधुनिकता के साथ सहजता से मिश्रित होती है। अपनी बेहतरीन कृतियों के अलावा 'ज्वैलस ऑफ इंडिया - तिरुपति' कलेक्शन में भगवान बालाजी के पवित्र तत्व को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने के लिए डिजाइन किए गए हल्के वजन वाले पहनने योग्य आभूषणों की एक श्रृंखला भी शामिल है।


## उत्तर रेलवे

### ई–खुली निविदा सूचना

पत्र संख्याः 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/25-26/डब्लयू–ई/ टेंडर नं. 07 दिनांक 11.04.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/रेल भवन के कार्य क्षेत्र में रेल भवन में एक अतिरिक्त लिफ्ट का प्रावधान हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 17224427.64 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 236100.00 |
| समापन अवधि | (ए) 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1100/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आमिर सिद्दीकी पुत्र** सफ्फूद्दीन सिद्दीकी **निवास** बीजी-6/262 बी, पश्चिम विहार, दिल्ली ने **eFIR. No. 715/2017 U/s 379/411 IPC. थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आमिर सिद्दीकी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आमिर सिद्दीकी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **eFIR. No. 715/2017 U/s 379/411 IPC. थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आमिर सिद्दीकी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार रितिका जैन
एलडी. जेएमएफसी, NW कमरा नं. 105
रोहणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4591/OD/2025
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **हरजीत सिंह, पुत्रः चरणपाल सिंह, निवासीः ए–8, हिमगिरी एन्क्लेव, निलोठी एक्सटेंशन, चंदर विहार, निहाल विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.1084/2023 U/S 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **हरजीत सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **हरजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.1084/2023 U/S 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के आरोपी उक्त **हरजीत सिंह** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **13.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4524/OD/2025
(अदालती मामला)


# ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य रक्षा एवं औषधोपचार : श्री वैद्यनाथ धाम

**नागपुर।** आयुर्वेद में 6 ऋतुओं का उल्लेख है जो भारत देश में प्रकृति के द्वारा प्रदत है। हेमंत, शिशिर, बसंत, ग्रीष्म, वर्षा एवं शरद। शिशिर के पश्चात बसंत ऋतु के कारण जहां पेड़ पौधों में नये पत्ते अंकुरित होते है। चारों ओर हरियाली देखकर मन में एक नवीन उत्साह और उमंग होती है। उसी बीच धीरे - धीरे सूर्य भी अपनी प्रखर किरणों से वातावरण में धूप के साथ ग्रीष्म ऋतु का आभास कर देता है। गर्मियों के मौसम में स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। इसका कारण सूर्य की प्रखर किरणों के परिणाम स्वरूप लू लगकर शरीर में अनेक उपद्रव उत्पन्न हो जाते है। इसीलिए गर्मियों के दिनों में आयुर्वेद में वर्णित आहार द्रव्यों का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर में जलीयांश की कमी न हो। फल व सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में सेवन करना चाहिए। खीरा, 'ककड़ी, प्याज, पौदिना का सेवन अधिक करें।

### ओला इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक रोडस्टर एक्स बाइक पेश की

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी में स्थित अपने संयंत्र फ्यूचरफैक्ट्री से पहली रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल पेश की है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) भविष अग्रवाल ने बयान में कहा, "रोडस्टर एक्स श्रृंखला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति को अगले स्तर पर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## होंडा ने हेडलाइट समस्या ठीक करने बाइक मंगाई



**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) 'हेडलाइट' से जुड़ी समस्या को ठीक करने के लिए सीबी300आर मोटरसाइकिल की कुछ इकाइयों को मरम्मत के लिए वापस मंगवा रही है। दोपहिया वाहन प्रमुख ने बयान में कहा, वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप कंपनी ने 2018 से 2020 के बीच निर्मित सीबी300आर मोटरसाइकिल को वापस मंगवाने का फैसला किया है। एहतियाती तौर पर खराब भाग को बदलने का अभियान चलाया जा रहा है। बयान के अनुसार, ग्राहक 'होंडा बिगविंग' वेबसाइट पर अपनी विशिष्ट वाहन पहचान संख्या (वीआईएन) से यह पता लगा सकते हैं कि उनके वाहन में यह समस्या हो सकती है या नहीं।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। |
| वृष | धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। |
| मिथुन | माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। |
| कर्क | मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| सिंह | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। |
| कन्या | आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। |
| तुला | कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे। |
| वृश्चिक | संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। |
| धनु | आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। |
| मकर | माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। |
| कुंभ | आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। |
| मीन | आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। |

### बजाज ऑटो के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का निधन

**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का शुक्रवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बजाज को कुछ दिन पहले स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण दक्षिण मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उन्हें 'स्ट्रोक' भी हुआ था। उन्होंने बताया कि बजाज ने शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे अस्पताल में अंतिम सांस ली।


# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश मार्च में 14 प्रतिशत घटकर 25,082 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेश में गिरावट आई है। इक्विटी फंड में लगातार तीसरे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि, लगातार 49वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी एमएफ में मार्च में 25,082 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी में 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर में 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, फ्लेक्सी कैप फंड में मार्च में सबसे अधिक 5,165 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। हालांकि, सेक्टोरल/थीमैटिक फंड में भारी गिरावट के साथ निवेश 735 करोड़ रुपये रहा।

- निवेश फरवरी में घटकर 25,082 करोड़ रुपए रहा




*मार्च में मामूली बढ़त दर्ज*

*निकासी के बावजूद म्यूचुअल फंड कंपनियों के प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्तियां मार्च के अंत में मामूली बढ़त के साथ 65.7 लाख करोड़ रुपये की हो गईं, जो फरवरी में 64.53 लाख करोड़ रुपये थीं।*

## शब्द पहेली - 5834



**बाएँ से दाए**


1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5833 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | य | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | य | र | त | पू | र्ण |






# 600+ दिनों के बाद बतौर कप्तान धोनी की वापसी, पिछले बार चेन्नई बना था चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होनी को अनहोनी कर दे... अनहोनी को होनी... फिर कप्तानी करने लौटे महेंद्र सिंह धोनी। थाला... माही... एक बार फरि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बन गए हैं। 684 से दिनों के बाद उनकी बतौर कप्तान वापसी हुई है। आखरिी बार जब कप्तानी की थी तो चेन्नई सुपर किंग्स चैंपियन बन गई थी।

धोनी शुक्रवार को वो कोलकाता नाइट राइडर्स के खलिाफ एमए चदिम्बरम में कप्तानी करते दखिे। 2024 में उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ आए, कप्तानी संभाली। लेकिन वैसा कुछ नहीं कर पाए जो धोनी ने किया था। अब आईपीएल 2025 में चेन्नई की हालत खराब है, ऋतुराज गायकवाड़ इंजरी के कारण इस आईपीएल सीजन से फरि बाहर हो गए हैं। सीएसके पांच मैचों में से 4 मैच गंवा चुकी है। अब चैलेंज धोनी के सामने हैं। क्योंकि वो एक बार फरि उस टीम के कप्तान बने हैं, जसिे उन्होंने अपनी कप्तानी के दम पर 5 बार चैंपियन बनाया है।

### थाला यानी लीडर ने संभाली कमान

वैसै चेन्नई की टीम में धोनी 'थाला' हैं। थाला यानी लीडर। लीडर कभी भी पीछे नहीं हटता है। यही कारण है कि उन्होंने एक बार फरि सीएसके की बागडोर संभाल ली है। पिछले दिनों कयास लगने लगे कि 43 साल के धोनी आईपीएल से संन्यास लेने वाले हैं। इस मैच के तुरंत बाद धोनी का एक पॉडकास्ट के माध्यम से बयान आया। जसिमें माही ने कहा- मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को ईजी रखता हूं। अभी मैं 43 साल का हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं अपनी बॉडी के आधार पर करूंगा।



### जडेजा की जगह बने थे कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में आईपीएल 2025 में इस बार 2022 का रपिीट टेलीकास्ट हो रहा है। वह इसलएि क्योंकि 2022 में भी महेंद्र सिंह धोनी रवींद्र जडेजा की जगह चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने थे। जडेजा को तब उस सीजन की शुरुआत में कप्तानी सौंपी गई। धोनी ने तब कप्तानी से हटने का फैसला किया था। लेकनि बतौर कप्तान जडेजा प्रेशर हैंडल नहीं कर पाए, उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों पर इसका नेगेटिव असर पड़ा। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने धोनी को फिर से कप्तान बना दिया।

### फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान

धोनी संयुक्त रूप से रोहित शर्मा के साथ बतौर कप्तान वो खलिाड़ी हैं, जन्हिोंने अपनी टीम को पांच बार आईपीएल का खताब जतिाया है। वहीं बतौर कप्तान भी धोनी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 235 टी20 मैचों (आईपीएल और चैंपियंस लीग) में कप्तानी की है, जहां 142 मैचों में जीत दर्ज की, 90 मुकाबलों में हार 1 मैच टाई और 2 मैच बेनतीजा रहे। यहां एक बात समझनी होगी कि धोनी ने 226 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है। इन 226 मैचों में में उनको 133 में जीत और 91 हार और 2 बेनतीजा मैच शामलि है।

खास खबर

## सफेद गेंद के बादशाह साबित हो रहे राहुल



**बेंगलुरु।** एक समय टीम के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए जूझ रहे केएल राहुल ने चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है, वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाए गए।

### हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटरदिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा। आरसीबी के बल्लेबाज आईपीएल के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए।

### हम सरल तौर तरीकों वाली सीधी सादी टीम



**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस के मध्यक्रम के बल्लेबाज शाहरुख खान ने कहा कि उनकी टीम के सरल तौर तरीके हैं और अपनी रणनीति को लेकर वह काफी स्पष्ट हैं। गुजरात ने चार सत्रों में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता। इस सत्र में वह पांच में से चार मैच जीतकर शीर्ष पर है। शाहरुख ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक सरल टीम हैं जिसके तौर तरीके भी सरल हैं । टूर्नामेंट में हर टीम मजबूत है और यह सबसे अहम है कि हम अपनी क्रिकेट कैसे खेलते हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से रौंदा

# केकेआर आठ विकेट से जीता सीएसके की लगातार पांचवीं हार

भाषा ▶▶| चेन्नई



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने हरफनमौला सुनील नारायण (13 रन देकर तीन विकेट और 44 रन) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 59 गेंद रहते आठ विकेट से रौंद दिया। सीएसके की यह लगातार पांचवीं हार है। चेपॉक में अब तक के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमटने के बाद पहली बार उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी हार मिली। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सीएसके के लिए कुछ भी सही नहीं रहा और केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने टीम नौ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। आईपीएल में यह सीएसके का तीसरा सबसे कम स्कोर रहा जो इस चरण में अब तक किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर भी है। केकेआर ने नारायण की 18 गेंद में दो चौके और पांच छक्के जड़ित 44 रन की पारी से यह लक्ष्य 10.1 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बनाकर हासिल कर लिया। स ला मी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने तीन छक्के लगाकर 16 गेंद में 23 रन बनाये। कप्तान अजिंक्य रहाणे 17 गेंद में 20 और रिंकू सिंह 12 गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने एक एक चौका और एक एक छक्का लगाया। आईपीएल के इतिहास में पहली बार सीएसके ने लगातार पांचवीं हार का सामना किया। पहले मैच में जीत के बाद टीम छह मैच में दो अंक लेकर नौवें स्थान पर है। केकेआर ने पावरप्ले में एक विकेट पर 71 रन बनाए जबकि सीएसके का पावरप्ले स्कोर दो विकेट पर 31 रन था। इससे पहल केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसके अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो विकेट मिले। सीएसके के लिए शुरू से ही कुछ भी सही नहीं रहा। पूरी पारी में सिर्फ आठ चौके और एक छक्का ही लग सका। शिवम दूबे ने 29 गेंद में नाबाद 31 रन बनकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विजय शंकर ने 29 रन बनाए। इनके अलावा सीएसके के केवल दो अन्य बल्लेबाजों ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट के कारण आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर होने के बाद एमएस धोनी टीम की कमान संभाल रहे हैं। वह

### पूरन और सिराज में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला, लखनऊ-गुजरात मैच आज

लखनऊ। लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस तेज गेंदबाज ने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप

### कपिला-क्रास्टो की जोड़ी एशियन टूर्नामेंट में हारी



**निंगबो।** भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से हार गई। कपिला और क्रास्टो टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय चुनौती बचे थे जिन्हें 20-22, 13-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। इससे पहले पी वी सिंधू, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत और हरिहरन अमसाकारुनन और रुबान कुमार प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए।

### पाकिस्तान ने बॉश पर एक साल का बैन लगाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था। बॉश ने पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलने को प्राथमिकता दी।



### आडवाणी विश्व मैचप्ले खिताब से एक कदम दूर

**कारलो।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी हमवतन श्रीकृष्णा सूरी को बृहस्पतिवार को 7-5 से हराकर डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियडर्स चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। 28 बार विश्व बिलियडर्स और स्नूकर चैंपियन रह चुके आडवाणी ने 100-0, 100-0, 100-6, 47-100, 100-4, 64-100, 81-100, 100-11, 12-100, 8-100, 100-7, 100-0 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना बेस्ट आफ 15 फाइनल में इंग्लैंड के डेविड काउसियेर से होगा। डेविड ने सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को 7-2 से हराया।



### विराट कोहली 1000 चौके लगाने वाले पहले क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 1000 चौके लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। 36 वर्षीय कोहली को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ दो चौके की जरूरत थी और उन्होंने चार ओवर के अंदर ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। वहीं, इस लिस्ट में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन 920 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि तीसरे नंबर पर मौजूद डेविड वॉर्नर ने 899 चौके लगाए हैं। खास बात यह है कि कोहली आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने इस कैश-रिच लीग में 8000 से ज्यादा रन बनाए हैं।



## मेरा लक्ष्य अधिक शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है

कोटा हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले पाए थे रुद्रांक्ष पाटिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बावजूद पिछले साल हुए इन खेलों में भाग नहीं ले पाने वाले राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल मुश्किल परिस्थितियों में भी शांतचित्त और तनाव मुक्त रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



पाटिल पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले देश के शुरुआती निशानेबाजों में शामिल थे लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। वह ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में सेना के निशानेबाज संदीप सिंह से हार गए जिन्होंने उनकी जगह पर पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हाल ही में ब्यूनस आयर्स में सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण और आर्य बोरसे के साथ मिश्रित टीम में रजत पदक जीतने वाले इस युवा खिलाड़ी को इस झटके ने और अधिक दृढ़ बना दिया है और अब वह निशानेबाजी के उस पहलू पर काम कर रहे हैं, जिसे सभी जानते हैं लेकिन कुछ ही लोग इसे अक्षरशः लागू कर पाते हैं।

पाटिल ने अर्जेंटीना की राजधानी से कहा, 'मेरा लक्ष्य किसी भी टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है ताकि मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला सकूं। मैं अभी इसी पर काम कर रहा हूं।'

### फाइनल में मोहन बागान का सामना बेंगलुरु से आज

**कोलकाता।** लीग विजेता मोहन बागान का सामना आईएसएल कप फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब बेंगलुरु एफसी से होगा तो उसकी नजरें दोहरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। यह मैच मोहन बागान सुपर जाइंट्स के गढ़ विवेकानंद युवा भारी क्रीडांगन में खेला जाएगा जिसमें भारी तादाद में मेजबान टीम के समर्थक मौजूद होंगे। मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में मोहन बागान के कोच जोस मोलिना ने कहा, 'मैं इसकी चिंता नहीं करता कि अतीत में क्या हुआ था। मैं मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। हमने लीग शील्ड में अच्छा खेला और आईएसएल कप भी जीतेंगे।'

## अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को छह देशों से मिलेगी चुनौती

# भारत ने एशिया कप की मेजबानी के लिए लगाई बोली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने महाद्वीप के शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए दिलचस्पी का प्रस्ताव पेश किया है। सात देशों की फुटबॉल संस्थाओं ने 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' पेश किया था जिसमें एआईएफएफ भी शामिल है। ईओआई की समयसीमा 31 मार्च तक थी।

एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने कहा, 'हां, हमने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए ईओआई पेश किया है। देखते हैं क्या होता है।'



टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे मजबूत फुटबॉल संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी ईओआई पेश किया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। मेजबान देश का चयन 2026 में किया जाएगा जिसे टूर्नामेंट में स्वतः प्रवेश मिल जाएगा। यह प्रतियोगिता 1956 में शुरू हुई थी। भारत 1964 चरण में उपविजेता रहा था और इसके बाद 1984, 2011, 2019 और 2023 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

### मिले सबसे अधिक प्रस्ताव

बोली लगाने वाले सात देशों में से ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया और कुवैत पहले इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुके हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में एशियाई फुटबॉल परिसंघ की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष शेख सलमान ने 35वीं एएफसी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर 'आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक संख्या में ईओआई मिलने की सराहना की'।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा @ सद्दाम @ फरहान, पुत्र कैसर अली, निवासी ए–4/27ए, डीडीए फ्लैट्स ओंकार नगर, इंद्रलोक, दिल्ली** ने **FIR No. 723/2024, U/s 103(1)/3(5) BNS, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजा @ सद्दाम @ फरहान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राजा @ सद्दाम @ फरहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **राजा @ सद्दाम @ फरहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 37, सेंट्रल जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4566/N/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद अरोड़ा, पुत्रः** श्री जगदीश सिंह, **पता** : मकान नं. बी–58/ए1, जगतपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 212/2014 U/s 33/58 Ex. Act, थानाः जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद अरोड़ा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद अरोड़ा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 212/2014 U/s 33/58 Ex. Act, थानाः जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद अरोड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 54, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4506/SHD/2025
(Court Matter)

हाई सिक्युरिटी सेल में कैद तहव्वुर राणा

# एनआईए के लॉकअप में जमीन पर गुजारी पहली रात, 14 गुणा 14 फीट के कमरे में ही बाथरूम, सीसीटीवी से रखी जा रही कड़ी निगरानी, एनआईए टीम कर रही पूछताछ

**12 नामित अधिकारियों को ही जाने की इजाजत**

राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा फिलहाल एनआईए की गिरफ्त में है। पटियाला कोर्ट ने राणा को नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की 18 दिन की हिरासत में भेज दिया है। भारत आने के बाद तहव्वुर राणा की पहली रात एनआईए के लॉकअप में गुजरी। जानकारी के मुताबिक, राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। इस सेल का साइज लगभग 14/14 फुट का है। सीसीटीवी कैमरे से लैस सेल के अंदर जमीन पर एक बिस्तर लगा है। बाथरूम भी सेल के अंदर ही है। बता दें कि सेल के अंदर केवल 12 नामित एनआईए अधिकारियों को ही इजाजत है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है। एनआईए अधिकारियों द्वारा की जाने वाली पूछताछ की रिकॉर्डिंग की जा रही है। पूछताछ के दौरान राणा को बीच-बीच में ब्रेक भी दिया। बता दें कि पूछताछ के लिए आठ एजेंसियों ने एनआईए से सिफारिश की है।



■ एनआईए अधिकारी पूछताछ की रिकॉर्डिंग कर रहे

## अमेरिकी न्याय विभाग का बड़ा खुलासा



### आतंकियों को 'निशान-ए-हैदर' दिलाना चाहता था राणा

*तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के एक दिन बाद अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने कहा कि कि मुंबई आतंकवादी हमले के बाद राणा ने कथित तौर पर अपने सह-साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से कहा था कि हमले के दौरान मारे गए नौ लश्कर आतंकवादियों को 'निशान-ए-हैदर' दिया जाना चाहिए। बता दें, 'निशान-ए-हैदर' युद्ध में वीरता के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च पुरस्कार, जो शहीद सैनिकों के लिए है। हमला पूरा होने के बाद राणा ने हेडली से कथित तौर पर कहा था कि भारतीय इसके लायक थे।*

### एनआईए का लक्ष्य और नाम उगलवाना

*मुंबई आतंकी हमले को लेकर जांच एजेंसी के अधिकारी, राणा के साथ विस्तार से बातचीत करेंगे। बातचीत के जरिए अधिकारी आतंकी हमले से जुड़े सबूतों को जुटाएंगे। बता दें कि शुरुआत के कुछ दिनों तक राणा से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उसे देश के कई शहरों में ले जाया जाएगा। आतंकी हमले से पहले राणा ने इन जगहों की रेकी की थी। एनआईए का सबसे बड़ा लक्ष्य है राणा की जुबान से मुंबई आतंकी हमले का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड हाफिज सईद और उसके गुर्गों का नाम उगलवाना।*

### हेडली और राणा की कई बार हुई मुलाकात

डीओजे ने कहा है कि दो साल से अधिक समय के दौरान, हेडली ने कथित तौर पर शिकागो में राणा से बार-बार मुलाकात की और लश्कर की ओर से अपनी निगरानी गतिविधियों, हेडली की गतिविधियों पर लश्कर की प्रतिक्रियाओं और मुंबई पर हमला करने की लश्कर की संभावित योजनाओं के बारे में बताया। डीओजी ने राणा के प्रत्यर्पण को 'छह अमेरिकियों और अन्य दर्जनों पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया, जो लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों द्वारा मारे गए थे।

## राणा के खिलाफ केस लड़ेंगे कृष्णन



तहव्वुर राणा के खिलाफ एनआईए की ओर से वकील दयान कृष्णन केस लड़ेंगे। हालांकि इस केस से वे पहले से जुड़े हुए हैं। कृष्णन 2010 में शिकागो में डेविड हेडली से पूछताछ करने वाली एनआईए टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें 2014 में उन्हें हेडली और राणा दोनों के प्रत्यर्पण मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया था। राणा को भारत लाने में भी उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। राणा ने अमेरिका में प्रत्यर्पण से बचने के लिए 'डबल जेपर्डी' का तर्क दिया था लेकिन कृष्णन ने अपने तर्कों से साबित कर दिया था कि भारत के राणा के खिलाफ आरोप अलग प्रकृति के हैं... इसी वजह से अमेरिकी कोर्ट ने उसकी सारी याचिकाएं खारिज की थीं। वकील कृष्णन भारत के पहले राष्ट्रीय विधि विद्यालय शनल लॉ स्कूल बेंगलुरु से 1993 में ग्रेजुएट हुए हैं। वे पहले बैच का हिस्सा थे। 1999 में अपनी स्वतंत्र वकालत की प्रैक्टिस शुरू की थी। वे भारतीय कानूनी प्रणाली में एक प्रमुख शख्स हैं। कृष्णन को 2014 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। उन्हें प्रत्यर्पण कानून का विशेषज्ञ माना जाता है। उन्होंने 1999 में न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग में भी योगदान दिया हैं। कृष्णन ने 2001 के संसद हमले का मुकदमा, कावेरी जल विवाद, दूरसंचार घोटाला, नितीश कटारा हत्याकांड, उपहार अग्निकांड जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में वे सरकार की तरफ से केस लड़े हैं। दयान कृष्णन ने निर्भया केस भी लड़ा था...वो भी फ्री में।

## खबर संक्षेप



### जम्मू-कश्मीर में सेना ने एनएच-44 पर बढ़ाई सुरक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को रोकने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। यह राजमार्ग केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। तंकवादियों द्वारा हथियारों और सामान की तस्करी के लिए इसका इस्तेमाल करने की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से सेना ने कई बड़े कदम उठाए हैं।

### बांग्लादेश में सेना के 5 अधिकारी हाउस अरेस्ट

**ढाका।** बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रूस के दौरे पर हैं। इस बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर बांग्लादेशी सेना के 5 आला अफसरों को नजरबंद कर दिया गया है। इसमें ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद, आरएबी से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, बीजीबी के लेफ्टिनेंट कर्नल रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर नोमान अल फारुक शामिल हैं।



दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली में हैं इटली के उप प्रधानमंत्री ताजानी

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत बेहद महत्वपूर्ण देशः एंटोनियो ताजानी

*ताजानी ने कहा कि भारत और इटली स्वाभावित आर्थिक साझेदार हैं और दोनों नवाचार, अनुसंधान और उच्च शिक्षा के जरिए अपनी इस भागीदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के इच्छुक हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि इटली और भारत वर्तमान में पहले से कहीं अधिक करीब हैं और भविष्य में इस मामले में दोनों के बीच और अधिक संभावनाएं मौजूद हैं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए इटली-भारत व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फोरम में भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण देश बताया। उन्होंने कहा कि व्यापार को मजबूत बनाने के लिए स्थिरता बेहद अहम है। भारत और इटली स्वाभावित आर्थिक साझेदार हैं और दोनों नवाचार, अनुसंधान और उच्च शिक्षा के जरिए अपनी इस भागीदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के इच्छुक हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि इटली और भारत वर्तमान में पहले से कहीं अधिक करीब हैं और भविष्य में इस मामले में दोनों के बीच और अधिक संभावनाएं मौजूद हैं।

### भारत में निर्यात, निवेश का इच्छुक इटली

एंटोनियो ताजानी ने यह भी कहा कि हम भारत में अधिक निवेश और निर्यात के लिए इच्छुक हैं। साथ ही अपने देश में ज्यादा निवेश को आकर्षित भी करना चाहते हैं। नवाचार, एआई, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सुपर कंम्प्यूटर और रक्षा जैसे क्षेत्रों को उन्होंने संयुक्त साझेदारी की संभावनाओं वाला बताया। उधर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने संबोधन में दोनों देशों के बीच संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें ठोस परिणामों के जरिए साझेदारी को मजबूत करने के भारत और इटली के शीर्ष नेताओं के दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है।

यह दोनों देशों के लिए लाभप्रद है। भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा हकीकत में एक नई वैश्विक धुरी का निर्माण करेगा। जो अर्थव्यवस्थाओं, ऊर्जा, संसाधनों और संचार के लिए अहम साबित होगा।



### लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित साझेदारी

जयशंकर ने भारत और इटली की साझेदारी को लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित बताते हुए कहा कि इसका संबंध हमारी सभ्यताओं, संस्कृति और विरासत के प्रति सम्मान से आगे बढ़कर एक स्थिर, नियम आधारित और समृद्ध विश्व के साझा दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। जो अधिक जटिल और अप्रत्याशित होती जा रही है। आज हम महामारी, संघर्षों से उबर रहे हैं। लेकिन हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा कि हमारी आपूर्ति श्रृखंलाएं अधिक नाजुक हैं और हमारा समुद्रीय पोत परिवहन बाधित है। बाजार हिस्सेदारी पर नियंत्रण और हथियार बनती आर्थिक गतिविधियों के चलते भू राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

ऑस्ट्रिया और भारत के बीच व्यापार साझेदारी

## ई-मोबिलिटी, चिप्स और फिनटेक सेक्टर में निवेश पर करेंगे सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑस्ट्रिया और भारत के बीच निवेश और व्यापार साझेदारी के कई अवसर हैं, जिसमें ई-मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और फिनटेक शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर के साथ अपनी बैठक के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रमुख सुधारों और नीति उपायों के प्रमुख पहलुओं को साझा किया। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) के माध्यम से ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में दोनों पक्षों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच, विशेष रूप से फिनटेक के क्षेत्र में निवेश और व्यापार सहयोग के कई अवसर मौजूद हैं।

### द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

*वित्त मंत्री ने पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है।*

### ब्रिटेन के साथ एफटीए पर चर्चा की

इससे पहले, अपनी लंदन यात्रा के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर से मुलाकात की और व्यापार एवं निवेश और दोनों देशों के बीच आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने निवेश का दिया न्योता

## कहा- भारत, विश्व पटल पर 'लीडर' के रूप में उभर रहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इन दिनों अपने स्लोवाकिया दौरे पर हैं। जहां गुरुवार को उन्होंने ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया-भारत व्यापार मंच को भी संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का जिक्र किया। साथ ही स्लोवाकियाई व्यवसायों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित भी किया।

मुर्मू ने कहा कि आज की दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है और इसमें भारत प्रगति की एक शानदार मिसाल है। बता दें कि मुर्मू बुधवार को अपनी दो देशों की राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया पहुंची। जहां वह स्लोवाक गणराज्य का दौरा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति बन गईं।

### भारत-स्लोवाकिया के व्यापारिक संबंध पर जोर

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत और स्लोवाकिया ने कई क्षेत्रों में मिलकर काम किया है। अब समय आ गया है जब दोनों देशों को अपने व्यापारिक संबंधों को और विविधित करने पर ध्यान देना चाहिए। स्लोवाकिया ऑटोमोटिव भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार, कुशल कार्यबल और मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटोमोटिव क्षेत्र में दोनों देशों के बीच एक मजबूत संबंध बना है। इसमें टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने 2018 से स्लोवाकिया में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिसमें नाइट्रा में उनका कारखाना शामिल है।*

### पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेंगे हम

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि स्लोवाकिया अपनी कार्यबल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशों से मेहनती और कुशल श्रमिकों की तलाश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रतिभा स्लोवाकिया की आर्थिक प्रगति में मददगार हो सकती है। भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है ।

भारत और इटली के बीच हुआ एमओयू

## क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई और नई तकनीकों पर मिलकर करेंगे काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को इटली की यूनिवर्सिटी और रिसर्च मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए एक अहम समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इसके तहत दोनों देश मिलकर क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई, बायोटेक्नोलॉजी और नई उभरती तकनीकों पर काम करेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह सहयोग पीएम नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम मेलोनी की जी20 बैठक में हुई बातचीत का नतीजा है। इस समझौते के तहत 2025 से 2027 तक 10 साझा शोध परियोजनाएं और 10 नई खोज की पहलें शुरू होंगी।



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की सलाह

## भारत और ईयू को व्यापार समझौते के लिए दूर करनी होंगी रुकावटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने के लिए दोनों पक्षों को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यापारिक अड़चनों को हटाना बेहद जरूरी है ताकि बातचीत तेजी से आगे बढ़ सके। गोयल ने यह बात 'इटली-भारत बिजनेस, साइंस एंड टेक्नोलॉजी फोरम' में कही।



### सहयोग की भावना से करना होगा काम

*गोयल ने कहा कि इसके लिए सभी सदस्य देशों को सहयोग की भावना से काम करना होगा और यह समझना होगा कि कौन-कौन सी रुकावटें इस समझौते को रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच निवेश को बढ़ाना जरूरी है और दोनों देशों के कारोबारियों को बिना किसी अड़चन के व्यापार करने का अवसर मिलना चाहिए। पिछले महीने पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन के बीच दिल्ली में मुलाकात हुई थी।*

न्यूयॉर्क शहर में हेलिकॉप्टर क्रैश

## छह लोगों की मौत, हडसन नदी में मिले शव और विमान का मलबा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यहां हडसन नदी में हुए हेलिकॉप्टर दुर्घटना में स्पेन के एक पर्यटक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हेलिकॉप्टर गुरुवार को मैनहट्टन के पास नदी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन विभाग ने इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उसे दोपहर 3:17 बजे पानी में एक हेलिकॉप्टर की सूचना मिली थी। जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे। मामले में अधिकारियों ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर मैनहट्टन और न्यू जर्सी तट के बीच हडसन नदी में गिर गया, जिससे स्पेन के पर्यटकों के एक परिवार की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर दोपहर करीब 3 बजे एक हेलीपोर्ट से उड़ा था और दुर्घटना के बाद मृतकों को नदी से निकाला गया।



चीन का अमेरिका पर पलटवारः टैरिफ वार से लगातार बढ़ता जा रहा है टकराव

# ड्रैगन ने किया 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान

## पहले चीन ने इस टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और अमेरिका के बीच चल रहा टैरिफ वार पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन गया है। अब चीन ने अमेरिका पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

ऐसे में अब अमेरिका से आने वाले सामान पर चीन 125 प्रतिशत तक टैक्स वसूलेगा। पहले चीन ने इस टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया था। 125 प्रतिशत टैरिफ का प्रावधान 12 अप्रैल से लागू होगा। चीन के इस कदम से साफ है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बढ़ाए गए टैक्स का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बनाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन के सामान पर लगाए गए नए टैरिफ का आंकड़ा 125 प्रतिशत नहीं 145 प्रतिशत हो गया है।

इसमें फेंटेनाइल की तस्करी में चीन के कथित रोल को लेकर लगाए 20 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। इसके अलावा चीनी सामानों में लागू किए गए नए 125 प्रतिशत टैरिफ भी हैं।



राष्ट्रपति जिनपिंग ने तोड़ी चुप्पी

### एक ट्रेड वार में कोई भी विजेता नहीं होता है, हम अमेरिका से नहीं डरते

**बीजिंग।** टैरिफ वार शुरू करने के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। जिनपिंग ने कहा कि उनका देश अमेरिका के ट्रेड वार से नहीं डरता है। जिनपिंग ने कहा कि एक ट्रेड वार में कोई भी विजेता नहीं होता है और दुनिया के खिलाफ जाने से केवल अकेलापन मिलेगा। शुक्रवार को स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मुलाकात के बाद चीन के राष्ट्रपति ने यह बयान दिया। शी जिनपिंग के इस बयान से साफ है कि ट्रंप की मंशा के उलट चीन अमेरिका के साथ कोई समझौता करने के मूड में नहीं है। इस ट्रेड वार की वजह से दुनियाभर के शेयर बाजार हिले हुए हैं और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ती जा रही है।

दुनिया के खिलाफ जाने से केवल अकेलापन मिलेगा

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109